आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 6 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-159 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 7 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

नक्सलियों के मंसूबों पर जवानों ने फेरा पानी

कोण्डागांव,6 सितंबर। कोण्डागांव पुलिस ने थाना धनोरा माडगांव क्षेत्र में नियमित गस्त के दौरान बड़ी सफलता प्राप्त की है। एसडीओपी फरसगांव, अनिल विश्वकर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में गस्त के दौरान 04 किलोग्राम के 03 नग और 03 किलोग्राम के 03 नग आई.ई.डी बरामद किए। यह आई.ई.डी नक्सलियों द्वारा पुलिस फोर्स को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से डम्प किए गए थे। तुरंत कार्रवाई करते हुए, कोण्डागांव पुलिस की बम डिस्पोजल टीम और अन्य पुलिस बल ने सावधानीपूर्वक इन आई.ई.डी को मौके पर ही विस्फोट कर नष्ट कर दिया।

छात्राओं से छेड़छाड़, आरोपी डॉक्टर को बर्खास्त करने की मांग

धमतरी 6 सितंबर। हेल्थ चेकअप के बहाने स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्राओं से छेड़छाड़ करने के आरोपी डॉक्टर को अब तक बर्खास्त नहीं किया गया है। इससे शासन प्रशासन की किरकिरी हो रही है। विष्णु के सुशासन में कार्रवाई नहीं होने से नाराज छात्राओं के परिजनों ने मीडिया के माध्यम से डॉक्टर की सेवा समाप्त करने की मांग उठाई है। इधर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदाकर्मी डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज होते ही उसकी सेवा समाप्त हो जाना चाहिए था। उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आरोपी डॉक्टर को बचाने में जुटे हुए है। यही कारण है कि संविदाकर्मी होने के बावजूद उसके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि ऐसे मामलों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन यानी एनएचएम द्वारा सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जाती रही है। सूत्रों के मुताबिक आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सुप्रीम कोर्ट से संदीप घोष को झटका

नई दिल्ली ,6 सितंबर। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पातल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने संदीप घोष के कार्यकाल में वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई जांच के हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से किया इनकार कर दिया है। यहीं नहीं सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जांच करने की मंजूरी भी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। बता दें हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ संदीप घोष ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने सर्वोच्च अदालत में एक याचिका दायर करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। 24 अगस्त को कोलकाता हाई कोर्ट ने वित्तीय अनियमितताओं की एसआईटी से लेकर सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। संदीप घोष के खिलाफ आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक डॉ. अख्तर अली ने संस्थान में कई मामलों में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें अस्पताल में शवों की तस्करी, बायो-मेडिकल कचरे में भ्रष्टाचार, निर्माण निविदाओं में कई भाई-भतीजावाद आदि जैसे आरोप लगाए गए थे।

मुंबई में सात मंजिला टाइम्स टावर बिल्डिंग में लगी आग

मुंबई ,6 सितंबर। मुंबई के मिल्स इलाके में मौजूद सात मंजिला टाइम्स टावर बिल्डिंग में भीषण भीषण आग लगी है। आग सुबह करीब 6.30 बजे लगी है। बिल्डिंग में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। आग लगने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 9 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं। फिलहाल आग लगने का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। बता दें कि कमला मिल्स कंपाउंड में स्थित यह टावर एक व्यावसायिक इमारत है।वीडियो में देखा जा सकता है कि बिल्डिंग से आग की लपटें उठ रही है।

आबकारी नीति पर छग सरकार की जीत

हाईकोर्ट ने लगाई गई याचिका को किया खारिज

बिलासपुर,6 सितंबर। छत्तीसगढ़ की आबकारी नीति को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है. आबकारी नीति को लेकर नार्थ ईस्ट फीड एंड एग्रो एक्सपोर्टर्स प्राइवेट लिमिटेड ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी. मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीड़ी गुरु की खंडपीठ में हुई.

दरअसल, प्रदेश में शराब की दुकानों का संचालन और वितरण पहले 10 कंपनियों को सौंपा गया था, लेकिन राज्य सरकार ने अपनी आबकारी नीति में बदलाव करते हुए इस कार्य को स्वयं के नियंत्रण में लिया है. अब शराब के वितरण और बिक्री को अपने नियंत्रण में लेने के साथ ही राज्य सरकार ने कंपनियों से जमा की गई राशि वापस लौटा दी है और कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिये हैं. नार्थ ईस्ट फीड एंड एग्रो एक्सपोर्टर्स प्राइवेट लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ सरकार की आबकारी नीति को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की.

जिसमें कहा गया था, कि राज्य सरकार से उनका अनुबंध मार्च 2025 तक है, इस अवधि से पहले उनका लाइसेंस निरस्त नहीं किया जा सकता. मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार को अपनी आबकारी नीति बनाने का पूर्ण अधिकार है और इसे चुनौती नहीं दी जा सकती. यह फैसला आबकारी नीति के मामले में राज्य सरकार के अधिकार की पुष्टि करता है.

गणेश चतुर्थी पर स्थापना के लिए गणेश प्रतिमाएं ले जाने लगे हैं लोग

छत्तीसगढ़ को मिलने वाली है नई वंदेभारत

रायपुर,6 सितंबर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के रायपुर रेल मंडल को एक नई वंदेभारत ट्रेन मिल सकती है. रेलवे के वरिष्ठ सूत्रों के मुताबिक दुर्ग से विशाखापट्नम के लिए ये नई ट्रेन को पीएम मोदी हरी झंडी दिखा सकते है. रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते है हुए कहा है कि इसकी तैयारियां करने के मौखिक निर्देश दे दिए गए है. लेकिन आधिकारिक आदेश न निकलने की बात अधिकारी कह रहे है. वहीं दुर्ग रेलवे स्टेशन में भी अधिकारियेंन 12 सितंबर को इस ट्रेन के चलने की तैयारी शुरू कर दी है और सूत्रों का कहना है कि ट्रेन के रैक 10 या 11 को दुर्ग पहुंच सकते है. दुर्ग से विशाखापट्टनम जाने के लिए यह दूसरी सीधी ट्रेन होगी. अभी तक दुर्ग-विशाखापट्टनम् वाल्टेयर एक्सप्रेस ही एक ट्रेन थी, जो सीधे विशाखापट्टनम जाती थी. वहीं, वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू होने के बाद अब लोगों को दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए एक और नई ट्रेन मिल जाएगी. ट्रेन के स्टॉपेज की बात करें, तो यह ट्रेन दुर्ग से रायपुर रेलवे स्टेशन, लखोली, महासमुंद, खरियार-रोड, कांटा-भांजी, टिटलागढ़, सिंगापुर-रोड, रायगड़ा, पार्वतीपुरम् और विजयानगरम रेलवे स्टेशन पर रुकते हुए विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी. रेलवे सूत्रों के मुताबिक इस ट्रेन का रख-रखाव और मेंटेनेंस का काम दुर्ग रेलवे स्टेशन के कोचिंग यार्ड में बने कंपोजिट पिट में किया जाएगा. दुर्ग में इसके लिए पूरी व्यवस्था भी कर दी गई है.

सोए बच्चों को उठाकर पिता ने खेला खूनी खेल

बेटे को धारदार टंगिये से मारा तो बेटे को गला दबाकर उतारा मौत के घाट, फिर खुद भी कर लियाँ जहर का सेवन

कवर्धा,6 सितंबर

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पिता ने अपने ही 10 वर्षीय बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी और वहीं अपनी 20 वर्षीय बेटी पर भी धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना के बाद आरोपी पिता ने खुद भी जहर सेवन कर आत्महत्या करने की कोशिश की. लेकिन समय रहते गंभीर रूप से घायल बेटी और पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों का इलाज जारी है. यह खौफनाक घटना कबीरधाम जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के रेंहुटा गांव की है. मिली जानकारी के अनुसार, रेंहुटा गांव निवासी रामफल साहू, जो खेती-किसानी करता है. उसने तीन शादी की है, वह आदतन शराबी है. जिसकी वजह से उसकी बीबियां उसे छोड़कर चली गई हैं. बुधवार की रात करीब 3 बजे नशे में धुत रामफल साहू ने घर में अपनी बेटी मनीषा साहू (20 साल) के गर्दन के पास टंगिया से हमला कर दिया. वहीं घर में सो रहे 10 वर्षीय बेटे को घर से उठाया और गन्ने के खेत में ले जाकर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने पिता ने खुद आत्महत्या करने की

नियत से जहर सेवन कर लिया. वहीं सुबह जब घर आए पड़ोसी ने बेटी को लहूलुहान हालत में देखा तो मामले की जानकारी गांव वालों को दी और उसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई. गनीमत रही की गंभीर रूप से घायल बेटी घटना के 5 से 6 घंटे के बाद तक भी सर्वाइव करती रही. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास खोजबीन की तो आरोपी पिता भी गंभीर स्थिति में पड़ा हुआ था और बच्चा खेत में मृत मिला. पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बेटी और पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया. जहां से बेटी को बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया. युवती की हालत खतरे से बाहर है. आरोपी पिता की भी हालत पहले से बेहतर है. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और जांच में जुट गई है. बताया जा रहा है कि आरोपी रामफल साहू पहले भी आत्महत्या का प्रयास कर चुका है. कुंडा थाना प्रभारी महेश प्रधान ने बताया कि पुलिस को घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह आरोपी के पड़ोसियों के जरिए मिली. जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल पिता और बेटी को जिला अस्पताल में दाखिल कराया. मामले की जांच चल रही है.

पूर्व डीएमके नेता पर ईडी की कार्रवाई

आलीशान बंगला, महंगी कार समेत 55 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली,6 सितंबर। डीएमके के पूर्व नेता के खिलाफ ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने उनका आलीशान बंगला, होटल, महंगी कार समेत 55 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने डीएमके के पूर्व पदाधिकारी जफर सादिक और उनके सहयोगियों की संपत्ति जब्त कर ली है। जब्त संपत्ति में रेजीडेंसी होटल, लगजरी बंगला, जगुआर, मर्सिडीज जैसी 7 महंगी कारें शामिल हैं। ईडी का आरोप है कि ये संपत्ति अवैध तरीके से जुटाई गई थी।

ईडी ने सादिक और उसके साथियों की 55.30 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। यह कार्रवाई एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेट में स्यूडोएफेड्रिन, केटामाइन की तस्करी की जांच के बाद की गई है। ईडी ने एनसीबी सीमा शुल्क विभाग की जांच के आधार पर तमिलनाडु में 15 स्थानों पर छापेमारी की। सामने आया कि इस संपत्ति का मालिक जाफर सादिक है। ईडी की जांच में पाया गया कि जाफर सादिक अपने भाई मोहम्मद सलीम और अन्य के साथ स्यूडोएफेड्रिन और अन्य नशीले पदार्थों के निर्यात और तस्करी में शामिल थे। ईडी के मुताबिक ये दोनों भाई अन्य सहयोगियों और रिश्तेदारों के साथ कई फर्मों, संगठनों, कंपनियों में भागीदार थे। इसका उपयोग अपराध की आय का उपयोग करने के लिए किया जाता था। इस पूरे सिस्टम का इस्तेमाल अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से प्राप्त धन को प्रचलन में लाने के लिए किया गया था। इसके लिए जफर सादिक को 26 जून 2024 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। फिर 12 अगस्त को उनके भाई मोहम्मद सलीम को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। ईडी की जांच में पता चला कि जफर सादिक और उसके साथियों ने नशीली दवाओं के कारोबार से अवैध रूप से कमाए गए काले धन को रियल एस्टेट, फिल्म निर्माण, आतिथ्य और लॉजिस्टिक्स सहित कई व्यवसायों में निवेश किया था। बैंक खातों के जरिए एक नेटवर्क तैयार किया गया और इस पैसे का इस्तेमाल किया गया। सादिक और उसके परिवार के खातों में भी पैसे ट्रांसफर किए गए थे। जांच में पता चला कि पैसा अवैध तरीके से जमा किया गया था।

कॉलेजियम के फैसले में सुप्रीम कोर्ट का पहली बार दखल

दो जजों की पदोन्नति से जुड़ा अहम फैसला

नई दिल्ली,6 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश कॉलेजियम के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें हाई कोर्ट में पदोन्नति के लिए दो वरिष्ठ जिला जजों की उम्मीदवारी को नजरअंदाज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने दो सीनियर जिला जजों की याचिका को स्वीकार करते हुए इस साल की शुरुआत में हुई कॉलेजियम की चयन प्रक्रिया को रद्द कर दिया। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि परामर्श के अभाव में कॉलेजियम का निर्णय इसलिए प्रभावित हुआ क्योंकि हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने निजी तौर पर दो जिला जजों के नामों पर पुनर्विचार नहीं करने का निर्णय लिया था। गौरतलब है कि यह फैसला कॉलेजियम के फैसले में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप का पहला उदाहरण है। ऐसे मामलों को आमतौर पर अदालत द्वारा प्रशासनिक रूप से निपटाया जाता है। वहीं, कॉलेजियम के फैसलों के खिलाफ याचिकाओं पर विचार करते समय व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाता है। जजों ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को कॉलेजियम में अन्य जजों से सलाह लेनी चाहिए थी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि हाई कोर्ट कॉलेजियम को अब निर्धारित मानदंडों के अनुसार दो जिला जजों के नामों पर पुनर्विचार करना चाहिए। यह प्रक्रिया मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर के तहत होनी चाहिए जो संवैधानिक अदालतों में जजों की नियुक्ति का मार्गदर्शन करती है। बिलासपुर के डिस्ट्रिक्ट जज चिराग भानु सिंह और सोलन के जिला जज अरविंद मल्होत्रा मई में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। दोनों ने आरोप लगाया था कि हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट कॉलेजियम ने उनकी मेरिट और सीनियारिटी दोनों की अनदेखी की।

एग्जिट पोल की जांच कराने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

नई दिल्ली,6 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट ने एग्जिट पोल की जांच करवाने की मांग वाली याचिका को राजनीति से प्रेरित बताते हुए खारिज कर दी। याचिका में कहा गया था कि मीडिया हाउस और उनसे जुड़ी कंपनियां मतदान के बाद एग्जिट पोल दिखाकर निवेशकों को प्रभावित करती हैं। ऐसे में लोकसभा के फाइनल चरण के बाद दिखाए गए एग्जिट पोल की जांच करवानी चाहिए। सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि यह याचिका राजनीति से प्रेरित है। बेंच ने कहा, सरकार बन चुकी है। अब लोकसभा चुनाव पर बहस बंद होनी चाहिए और प्रशासन पर ध्यान देना चाहिए। चुनाव आयोग इन मामलों को हैंडल करेगा। हम चुनाव आयोग को नहीं संचालित करेंगे। इसलिए याचिका खारिज की जाती है। इस याचिका में कहा गया था कि चुनाव के बाद एग्जिट पोल से निवेशक प्रभावित हुए और फिर परिणाम आने के बाद शेयर मार्केट धराशायी हो गया और उन्हें 31 लाख करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा। याचिका में कहा गया था कि मतदान के बाद मीडिया हाउसों ने बहस शुरू कर दी और निवेशकों को शेयर मार्केट में पैसा लगाने के लिए प्रेरित कर दिया। इससे शेयर मार्केट अप्रत्याशित रूप से उछला। इसके बाद जब परिणाम आए तो शेयर मार्केट तेजी से गिर गया। आम निवेशकों के 31 लाख करोड़ रुपये डूब गए। यह याचिका ऐडवोकेट बीएल जैन ने फाइल की थी। ऐडवोकेट वरुण ठाकुर के माध्यम से फाइल करवाई गई याचिका में कहा गया था कि 31 लाख करोड़ के नुकसान से भारत ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई। पूर्वाग्रह से ग्रसित डिबेट या फिर न्यूज प्रसारित करने से निवेशक प्रभावित होते हैं। याचिका में कहा गया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कमर्शल इंडस्ट्री की तरह काम करते हैं। याचिका में कहा गया कि एग्जिट पोल जारी करना रिप्रजेंटेशन ऑफ पीपल ऐक्ट 1951 की धारा 126ए का उल्लंघन है चुनाव आयोग ने 2 अप्रैल 2024 को नियम तय किए थे, उनका भी उल्लंघन किया गया है। याचिका में सीबीआई, ईडी, सीबीडीटी, सेबी, एसएफआईओ से जांच करवाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि एक्सिस माइ इंडिया, इंडिया टुडे मीडिया प्लेक्स, टाइम्स नाउ, इंडिपेंडेंट न्यूज सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, एबीपी न्यूज, रपब्लिक मीडिया नेटवर्क, न्यूज नेशन नेटवर्क, टीवी9 भारतवर्ष और एनडीटीवी की जांच करवाई जानी चाहिए।

मां के साथ ननिहाल जा रही मासूम को टैंकर ने रौंदा,मौत

दुर्ग,6 सितंबर। जिले में आज सुबह दो बड़े सड़क हादसे हुए. पहली घटना में तीजा मनाने मां के साथ ननिहाल जा रही सात साल की मासूम बच्ची की टैंकर के चपेट में आने से मौत हो गई, वहीं दूसरी घटना में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई. दोनों ही मामलों में पुलिस अपनी जांच में जुटी है.

पहली घटना पदमनाभपुर थाना क्षेत्र की है, जहां तीज पर्व मनाने अपनी मां, भाई और मामा के साथ ननिहाल कोलिहापुरी जा रही सात वर्षीय बच्ची की पानी टैंकर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई. टैंकर चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बच्चों के मामा केवल साहू की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे बच्ची दुर्गेश्वरी साहू के मामा, मां एवं भाई दूर जा गिरे, वहीं बच्ची दुर्गेश्वरी साहू की टैंकर की चपेट में आने से गंभीर चोट आई. मौके पर पहुंची पदनाभपुर पुलिस बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रही थी, रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. घटना के बाद आरोपी टैंकर चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया. टैंकर सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन कंपनी, दुर्ग की है. पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है.

दो बार गलती कर दी, अब आरजेडी के साथ नहीं जाएंगे : नीतीश कुमार

पटना,6 सितंबर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कहना है कि हमने दो बार आरजेडी के साथ जाकर गलती की थी। अब ऐसी गलती दोबारा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हम अब कभी आरजेडी के साथ नहीं जा सकते। नीतीश कुमार का यह बयान अहम है क्योंकि पिछले दिनों उनकी आरजेडी नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात हुई थी। इसके बाद से ही कयास लग रहे थे कि बिहार की राजनीति में फिर से खेला हो सकता है। यह मुलाकात अचानक ही हुई थी और दोनों के बीच करीब आधे घंटे बात हुई थी। अब नीतीश कुमार ने इन कयासों को दूर करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि एनडीए के साथ उनका स्वाभाविक गठबंधन है और अब यह हमेशा के लिए बना रहेगा। आज ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना पहुंचे हैं और नीतीश कुमार से उनकी मुलाकात हुई है। नड्डा दो दिनों के बिहार दौरे पर हैं और शनिवार को वह दरभंगा में एक आयोजन में शामिल होने वाले हैं। जेपी नड्डा के सीधे पटना पहुंचने को लेकर भी इन कयासों को ही वजह बताया गया था क्योंकि पहले उनका कार्यक्रम दरभंगा जाने का ही था। इसलिए जेपी नड्डा जब सीधे पटना के लिए रवाना हुए तो कयास लग रहे थे कि क्या इसका नीतीश कुमार और तेजस्वी की मुलाकात से कनेक्शन है। बता दें कि एनडीए सरकार की केंद्र में वापसी के बाद भी नीतीश कुमार ने पीएम नरेंद्र मोदी से कहा था कि हमसे गलती हुई थी, जो हम छोड़कर गए थे। उन्होंने कहा था कि हम अब साथ में ही काम करेंगे। बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2013 में नरेंद्र मोदी को भाजपा की ओर से पीएम उम्मीदवार बनाए जाने के बाद गठबंधन तोड़ दिया था।

बंदूक की नोंक पर सराफा व्यापारी से लूट

बलौदाबाजार,6 सितंबर। सिमगा थाना क्षेत्र अंतर्गत लिमतरा चौकी क्षेत्र के लिमतरा-भाटापारा रोड में ग्राम देवरीडीह तिराहा के पास एक सराफा व्यापारी के साथ लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया. बंदूक की नोक पर लुटेरों ने सराफा व्यापारी के पास रखे सोने-चांदी के गहने और नगदी लूटकर फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही सिमगा पुलिस, लिमतरा पुलिस व भाटापारा पुलिस की संयुक्त टीम अज्ञात आरोपियों की पता तलाश में जुट गई है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यू आदर्श कालोनी, भाटापारा निवासी नुतेश पिता खेमलाल सोनी (39 साल) नांदघाट में आयुष ज्वेलर्स नाम से सराफा दुकान चलाया है. शाम को दुकान बंद करके वह अपनी स्कूटी छ्त्त22 स्ष्940 से वापस भाटापारा आ रहा था, तभी शाम 7.15 बजे लगभग दो मोटरसाइकिल में हेलमेट पहने 4 लोगों ने व्यापारी को चिल्लाकर कर रोका, फिर उन्हीं में से दो व्यक्ति पास आए और अपने हाथ में रखे गन से फायर किए. इसके बाद चारों व्यक्तियों द्वारा प्राथी के पास एक थैला में रखे 20 ग्राम सोने का फुल्ली, 4 किलोग्राम चांदी एवं आभूषण नगदी रकम 60,000 सहित कुल 3,25,000 का सामान लूट कर फरार हो गए. प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध क्र. 340/2024 धारा 309(4) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया है. जिसके बाद पुलिस कर अज्ञात आरोपियों के संबंध में पता तलाश कर रही है. घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेम सागर सिदार ने बताया कि बीती रात लिमतरा चौकी अंतर्गत ज्वेलर्स व्यापारी के साथ लूट की घटना हुई है. पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है. शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. बता दे कि इस मार्ग में पहले भी ग्राम रोहरा में सराफा व्यापारी से लूट हुई थी, जिसमें आज तक बलौदाबाजार भाटापारा पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है. देखना अब यह है कि इस घटना पर पुलिस कितनी जल्दी आरोपियों को पकड़ पाती है.

पोकर और रमी जुआ नहीं, स्किल डेवलपमेंट का खेल है

लखनऊ,6 सितंबर। ताश और रमी को लेकर अदालत ने एक फैसला दिया है जिसने खासा सुर्खियां बटोरी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि पोकर (ताश के पत्ते का खेल) और रमी जुए के नहीं बल्कि स्किल डेवलपमेंट के खेल हैं। इसलिए संबंधित अधिकारी पोकर और रमी खिलाने वाली गेमिंग यूनिट चलाने की परमिशन संबंधित आदेश पर फिर से विचार करे। ये निर्देश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने मेसर्स डीएम गेमिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर याचिका निस्तारित कर दी। पीठ ने कहा कि विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के बाद हमारा विचार है कि संबंधित अधिकारी को उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों के इस मुद्दे पर निर्णयों पर गौर करने के बाद इस पहलू को देखना चाहिए। याचिकाकर्ता ने आगरा के पुलिस उपायुक्त द्वारा 24 जनवरी, 2024 को पारित आदेश को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की। पुलिस उपायुक्त कार्यालय ने पोकर और रमी खिलाने वाली गेमिंग यूनिट का लाइसेंस देने से इनकार कर दिया था। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि जुआ-सट्टा से शांति और सौहार्द भंग होने की संभावना जताते हुए अनुमान के आधार पर अनुमति देने से इनकार किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने कहा कि इस तथ्य के आलोक में कि जुआ प्रतिबंधित है, कार्ड गेम के पहलू को ध्यान में रखे बगैर अनुमति देने से इनकार किया गया, जबकि पोकर और रमी निश्चित तौर पर कौशल का खेल हैं।'हालांकि, अदालत ने 29 अगस्त को दिए अपने आदेश में यह स्पष्ट किया कि ये खेल खिलाने की अनुमति संबंधित अधिकारी को जुआ के पहलू की जांच करने से नहीं रोकेगी और यदि उस जगह जुए का खेल खिलाया जाता है तो अधिकारियों द्वारा कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि पोकर (ताश के पत्ते का खेल) और रमी जुए के नहीं बल्कि कौशल के खेल हैं।

बिना चिंता के कराएं इलाज, पैसा देगी सरकार : सीएम योगी

गोरखपुर ,6 सितंबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। उपचार में जो भी पैसा खर्च होगा वह सरकार देगी।सीएम ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की जरूरत है, उनके एस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए।

एक नजर

नशे के खिलाफ विद्यार्थियों को पुलिस ने किया जागरूक

भिलाई, 6 सितंबर। भिलाई शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय पाटन में संकल्प कार्यक्रम कराया गया दुर्ग जिला पुलिस के द्वारा आयोजित इस अभियान में नशा के खिलाफ विद्यार्थियों को जागरूक किया गया पाटन कालेज में आयोजित कार्यक्रम में पाटन के एसडीओपी ने छात्र-छात्राओं को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी डी उन्होंनेकहा कि नशा का परिणाम हमेशा ही दुखद ही होता है। हमें नशा से दूर रहना चाहिए कार्यक्रम में कल्याणी नाशमुक्ति समूह, जनप्रतिनिधि आम नागरिक पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर, डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर पाटन टीआई अनिल साहू महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापक व विद्यार्थीगण शामिल थे ।

चोरी कर भाग रहे थे, पकड़े गए

भिलाई, 6 सितंबर। भिलाई धमधा थाना क्षेत्र दो दुकानों में चोरी कर भाग रहे दो चोरों को धमधा पुलिस की बाइक पेट्रोलिंग की सक्रियता से पकड़ा गया चोरों के पास से चोरी की सामान भी जब्त किया है धमधा टीआई पीडी चन्द्रा ने बताया कि चोरी जैसे वारदात को देखते हुए दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में बाइक पेट्रोलिंग गश्त के दौरान होटल एवं फल दुकान में आरोपी अमन कुमार बंजारे (21 साल) निवासी डुमरडीह वार्ड नंबर 09 उतई एवं विशाल निषाद निवासी रूआबांधा के साथ मिलकर चोरी के उद्देश्य से दुकान अंदर घुसकर गल्ला में रखे नगदी पैसा एवं इडक्शन को चोरी करते पकड़ा है दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है बताया जा रहा है कि इस मामले में लगातार व्यापारियों द्वारा शिकायत कर रहे थे अज्ञात चोरों द्वारा सुनशान क्षेत्र होने का फायदा उठाकर चोरी को अंजाम देते थे इसके लिए पुलिस लगातार गश्त कर चोरों पर निगरानी कर रही थी ।

प्रोफेसर पर हमला, तीन जेल गए



भिलाई, 6 सितंबर। भिलाई खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-3 के सहायक प्रोफेसर विनोद शर्मा पर आरोपियों द्वारा किए गए जानलेवा हमला के मामले में दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार 3 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है वहीं फरार मुख्य 3 आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने फरार तीनों आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए इनाम की घोषणा की है यह घटना 19 जुलाई 2024 की है सहायक प्रोफेसर पर हुए जानलेवा हमला में उसके शरीर पर करीब डेढ़ दर्जन जगह फैक्चर आया है, उनका इलाज अभी दिल्ली के चल रहा है फरार आरोपी का पोस्टर पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के इलाके में पुलिस द्वारा चस्पा किया गया है विदित हो कि 19 जुलाई 2024 को सहायक प्रोफेसर विनोद शर्मा पिता आरडी शर्मा उम्र 57 वर्ष निवासी 230 ग्रीन वेल्यू सिटी भिलाई जिला दुर्ग के साथ दो मोटर सायकल में सवार 6 अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से लाठी डण्डा से मारपीट कर प्राण घातक चोटें पहुंचाई गई थीं। आहत की ओर से प्रार्थी हेमन्त बघेल की सूचना पर बीएनएस की धारा 109, 296, 351 (3), 3 (5) पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश जारी है जरूरत पड़ी तो सम्पत्ति कुर्क कार्रवाई भी की जाएगी।

गुरुद्वारा धनगुरु श्री तेग बहादुर में इन्द्रजीत सिंह ने किया श्रमदान

भिलाई, 6 सितंबर। केम्प-1 स्थित गुरुद्वारा धनगुरू श्री तेग बहादुर में नवनिर्मित गुरुद्वारे का निर्माण कार्य तेज गति से व सभी गणमान्य लोगों के सहयोग से चल रहा है। बृहस्पतिवार को पहले छत की ढलाई की अरदास में जहां एक ओर सिक्ख समाज की पूरी संगत शामिल हुई, वहीं दूसरी ओर एचटीसी कंपनी के युवा डायरेक्टर एवं भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह व मलकीत सिंह लल्लू, महेंद्र सिंह पप्पी, मित्रे भाई, समाजसेवी प्रभुनाथ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रबंधक युवा साथी व महिला समूह की महिलाओं ने यहां पहुंचकर अपना अपना श्रमदान किया। गुरुद्वारा धन गुरु श्री तेग बहादुर जी कैप-1 भिलाई नवनिर्मित गुरुद्वारे की पहले छत अरदास में पूरी संगत के साथ सम्मिलित हुए। इस श्रमदान कार्यक्रम में इंद्रजीत व मलकीत सिंह ने भी गुरुद्वारा पहुंचकर सर्वप्रथम माथा टेक कर श्रमदान किया। और प्रबंधक कमेटी को हर संभव मदद व सहयोग का आश्वासन दिया। और गुरुद्वारा जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा हो इसकी शुभकामनाएं भी दी।

गुरुकुल में शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,6 सितंबर। गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में महान दार्शनिक, कुशल प्रशासक, शिक्षाविद, भारत गणराज्य के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इस पावन अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारीगण शाला के प्रभारी प्राचार्य, प्रशासक, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ व छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र पर व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस शुभ अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं ने मधुर संगीत प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिए। शाला के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक एवं खेल प्रस्तुत किये, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शाला के छात्र-छात्राओं ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन से संबंधित भाषण दिए। शाला के प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की महानता, विद्वता, व उनके प्रेरणादायक प्रसंगो की सारगर्भित जानकारी से सभी को अवगत कराया। शाला के प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक एक दीपक की तरह होता है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष महोदय ने सभी शिक्षकों से शिक्षक दिवस पर शाला के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना व उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देकर शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने की कामना की। शाला में कार्यरत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोरंजन हेतु खेल का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शाला की छात्रा तनीषा पात्रो ने सभी का आभार व्यक्त किया। संस्था के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शिक्षक दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

मेरी प्राथमिकता योजनाओं का लाभ ज्यादा लोगों तक पहुंचे :सीएमओ

कवर्धा,6 अगस्त। कवर्धा नगर के सीएमओ रोहित साहू ने बताया की शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक अच्छे से पहुंचे जिस पर हमेशा फोकस रखेंगे । स्वच्छता और गुणवत्ता पूर्ण विकास पर विशेष ध्यान रखेंगे

रणनीति निदेशक कप-2024 की यूनिट लेवल प्रतियोगिता का उद्घाटन

भिलाई, 6 सितंबर। सेल-कॉर्पोरेट मानव संसाधन विकास (एचआरडी) विभाग, अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के सहयोग से रण-नीति-निदेशक (कार्मिक) कप-2024, बिजनेस सिमुलेशन गेम्स-2024-25 का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता के यूनिट लेवल राउंड (लेवल-1) का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआरडी सेंटर में 05 से 06 सितंबर 2024 तक किया जा रहा है। मुख्य महाप्रबंधक (एचआर-एलएंडडी, बीई) श्रीमती निशा सोनी ने 05 सितंबर 2024 को प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी तथा अखिल भारतीय प्रबंधन संघ के डॉ चंद्रशेखर और प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

शिक्षक दिवस पर बीएसपी ने किया शिक्षकों को सम्मानित

भिलाई, 6 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर 5 सितंबर को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने बीएसपी स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षकों और राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित भूतपूर्व शिक्षक व गैर-शिक्षकीय कर्मचारियों सहित कुल 21 शिक्षकों को ÷निदेशक प्रभारी पुरस्कार÷ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेषक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेषक पवन कुमार, कार्यपालक निदेषक बिपिन कुमार गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रवींद्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर तथा बीएसपी संचालित शालाओं के प्रमुख, शिक्षक व छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रारंभ में दीप प्रज्वलित कर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्प अर्पित किया गया, साथ ही छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुती दी गई। सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, सेक्टर-7 के विद्यार्थियों ने शिक्षकों की महत्ता को दर्शाते हुए कोटि-कोटि नमन नामक लघुनाटिका की प्रस्तुत दी। एसएसएस-10 की छात्रा कु अनुपमा शुक्ला और एसएसएस-7 की कु माही वाडेकर ने शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। बीएसपी एसएसएस-10 के विद्यार्थियों ने संगीतमय गुरु वंदना की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा प्रकाशित पत्रिका स्मारिका का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में भिलाई के शिक्षकों की लगनशीलता एवं कर्तव्य बोध की सराहना करते हुए, उनसे समाज के लिए उत्कृष्ट सेवा को सतत बनाये रखने अनुरोध किया। उन्होंने शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा एवं धैर्य की सराहना की। उन्होंने देश के भावी नागरिकों के निर्माता शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डाला, जिसके परिणामस्वरूप एक बेहतर समाज का निर्माण संभव हुआ है। महाप्रबंधक (टीएसडी-शिक्षा) श्रीमती शिखा दुबे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए शालेय गतिविधियों एवं पिछले शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में बीएसपी स्कूलों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संध्या आर्या एवं सुश्री महुआ चटर्जी ने किया।

महिला सुरक्षा के मद्देनजर लगातार होती है विभिन्न स्थानों पर पेट्रोलिंग:सिन्हा

कवर्धा, 6 सितंबर। कवर्धा के थाना प्रभारी लालजी सिन्हा ने महिला सुरक्षा के सवाल पर बताया की महिला के साथ साथ परिवार की सुरक्षा पर हमेशा फोकस रहता है । स्कूल , कालेज और गार्डन के साथ साथ विभिन्न स्थानों पर डायल 112 और बाइक पेट्रोलिंग के द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जाती है जिससे स्कूल छात्र छात्राएं और महिलाएं सहित पूरा परिवार सुरक्षित रहे । दूर दराज इलाको और संवेदनशील एरिया में भी पेट्रोलिंग लगातार होती रहती है । कोई चोरी का आवेदन आने पर पुलिस विभाग त्वरित चोर को पकड़ने के लिए अलर्ट हो जाती है । अवेध शराब विक्रेता पर भी लगातार कारवाई की जाती है । पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक पल्लव और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन में कवर्धा थाना प्रभारी लालजी सिन्हा और पुलिस विभाग बच्चो के साथ साथ परिवार की सुरक्षा और आसाजमिक तत्वों पर लगातार कारवाई कर रही है जिसकी तारीफ जनमानस में हो रही है ।

सायबर सेल की सक्रियता के चलते गुम मोबाइल पाकर लोग हुए खुश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,6 सितंबर। डॉ. अभिषेक पल्लव पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, विकास कुमार (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम एवं पुष्पेन्द्र कुमार बद्येल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा गुम मोबाईल के आवेदनों का निराकरण किया जाकर गुम मोबाईलों की पतासाजी कर उनके वास्तविक वाहन स्वामी को वापस कराये जाने प्रयास करने निर्देशित करने पर जिला सायबर सेल द्वारा लंबित गुम मोबाईल के आवेदन तथा सीईआईआर पोर्टल से प्राप्त आवेदनों में से वर्तमान में कुल 132 नग विभिन्न कंपनियों के एंड्राईड मोबाईल फोन कीमती करीबन् 21 लाख रूपये को जिला एवं आसपास के क्षेत्रों से बरामद किया गया। उक्त प्राप्त मोबाईलों को उनके वास्तविक स्वामी को दिये जाने तथा वर्तमान परिवेश में हो रहे सायबर अपराधों से बचाव से आमजनों को सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक महत्तवपूर्ण सुझाव दिये जाने दिनांक 05/08/2024 को पुराना पुलिस लाईन स्थित स्वामी विवेकांनद अकादमी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में आमजन तथा मोबाईल स्वामी उपस्थित हुए कार्यक्रम के आयोजन में श्री विकास कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम द्वारा आमजनों को सोशल मीडिया के उपयोग के तरीके तथा सुरक्षात्मक उपायों के संबंध में जानकारी दिया गया तथा उन्हें वर्तमान में हो रहे सायबर अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुए उनसे सुरक्षित रहने की जानकारी दिया गया। बाद आमजनों को बताया गया कि निकट भविष्य में मोबाईल गुम हो जाने पर ऑनलाईन ष्टश्वढ्ढक्र क्क्रञ्जक्र में ढ्ढह्लह्वश्वह्ल=//222.रूद्धह्ल.ह्म्श ढ्ढ/ पर जाकर (क्रह्लष्ठ्य स्ह्लह्रश्वह्र/ह्लस्ह्र स्ह्लह्रह्रश्व) मोबाईल के संबंध में आवश्यक जानकारी अपलोड कर मोबाइल गुम की घर बैठे रिपोर्ट कर सकते हैं। पुर्व में भी दिनाँक 05/04/2024 को 115 नग और दिनांक 25-06-2024 को 125 नग गुम मोबाईल को उनके वास्तविक मोबाईल धारकों को वापस किया गया था। गुम मोबाईल की पतासाजी में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग- निर्देशन पर निरीक्षक आशीष कंसारी प्रभारी सायबर सेल, निरीक्षक संतोष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक चंद्रकांत तिवारी एवं सायबर टीम की महत्तवपूर्ण भुमिका रही है।।

गीला-सूखा कचरा अलग-अलग नहीं देने पर वसूला जुर्माना

भिलाई, 6 सितंबर। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दिये जाने निरंतर अपील की जा रही है। इसके जागरूकता हेतु स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा डोर-टू-डोर जाकर जागरूक किया जा रहा है। गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में वर्षों से मुनादी पर भी कराई जा रही है। प्रत्येक परिवार व दुकान को नगर निगम भिलाई द्वारा गीला कचरे के लिए हरा डस्टबिन एवं सूखे कचरे के लिए नीला डस्टबिन दो बार वितरित किया गया। कई स्तरों से समझाइश भी दी गई, लेकिन सामान्यतः लोगों के व्यवहार में परिवर्तन नहीं होने के कारण नगर निगम भिलाई द्वारा अब अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही की जा रही है। विगत 2 माह से स्व सहायता समूह की बहनों द्वारा घर-घर जाकर परिवार की महिलाओं से मिलकर उन्हें समझाइस भी दी जाती रही है। फिर भी एक ही डिब्बे मे डालकर कचरा सफाई मित्र को देते है। घरो व दुकानो में एक ही डब्बे मे दोनो प्रकार के कचरे को डालकर रखते है कभी-कभी तो सामने के नाली में भी फेंक देते है। जो स्वच्छता के लिए सबसे बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है। इसी कड़ी में नेहरू नगर जोन 01 के 22 मकान एवं दुकानो से 2980 रूपये, जोन

02 के 38 मकान एवं दुकानो से 7630 रूपये, जोन 03 के 33 मकान एवं दुकान से 900 रूपये, जोन 04 से 38 मकान एवं दुकान से 760 रूपया कुल 131 मकान से 12270 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित करने की कार्यवाही की गई। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया है कि आदतन जो परिवार या दुकानदार निरंतर एक ही डब्बे में कचरा डालकर देते हुए या नाली में फेकते हुए पाये जाते है, उनसे अर्थदण्ड वसूला जाये। पहले 50 रूपये से शुरू करे नहीं सुधरे तो बढ़ाते जावे। सब तरह के समझाइस दिये जाने के बाद भी नहीं मानने वालो से नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अर्थदण्ड वसूला जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि नगर निगम भिलाई के संसाधन सीमित है। शहर के सफाई में सबका हाथ और साथ होना चाहिए। तभी हमारा भिलाई स्वच्छता सर्वेक्षण में अग्रणी बन पायेगा। कचरा सब लोग देते है बस आदत सुधार लें। गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डब्बे में डालकर ही देवें।

निगम के साथ मिलकर नागरिक करेंगे स्वच्छता अभियान की शुरुआत

रिसाली। स्वच्छता ही सेवा 2024 की शुरुआत निगम प्रशासन और नागरिक मिलकर करेंगे। मैत्री गार्डन से कल्याणी मंदिर के बीच केनाल को पूर्ण रूप से साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में शहर सरकार और क्षेत्रीय विधायक भी शामिल होंगे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने अभियान को धरातल स्तर पर सफल करने के लिए निगम के अधिकारी और कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने अलग-अलग दिन चलने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारी कर्मचारियों को दी है। स्वच्छता ही सेवा 2024 राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत रिसाली निगम केनाल सफाई और इसके आस पास बने जी.वी.पी. प्वाइंट को खत्म कर किया जाएगा। आयुक्त ने इस अभियान में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में उप अभियंता नितिश अमन साहू, जनस्वास्थ्य विभाग के अमित चंद्राकर, पी.आई.यू. आकाश मिश्रा, विजय कश्यप आदि उपस्थित थे। खास बात यह है कि अभियान पूरे देश में एक साथ शुरू होगा। अभियान के लिए दिए अलग-अलग बिंदु की मॉनिटरिंग जिला स्तर के अधिकारी करेंगे। इस अभियान को सर्वेक्षण के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर को निर्देश दिए है कि वे ऐसे स्थान को भी चिन्हित करें जहां सफाई नहीं होती। जगह के कारण सफाई करने में दिक्कत होती है। आयुक्त ने ऐसे स्थान को सूचीबद्ध कर सफाई के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दी है।

त्यौहारी सीजन को देखते हुए सभी वार्डों की लाइट व्यवस्था होगी सुदृढ़

भिलाई, 6 सितंबर। महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें एमआईसी के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। प्रमुख रूप से त्यौहारी का सीजन शुरू हो रहा है। गणेश चतुर्थी से शुरू होकर ईद मिलाद, विश्वकर्मा पूजा, नवरात्रि पर्व, दशहरा, दीपावली, छठ, गांधी जयंती, गुरु घासीदास जयंती, क्रिसमस इत्यादि सभी त्योहारों के दिन आने वाले हैं। जिसमें नगर की जनता उत्साह पूर्वक सहभागी बनती है। इसको देखते हुए नगर निगम भिलाई के सभी वार्डों में लाइट व्यवस्था सुदृढ़ की जावेगी। पुरानी लाइटों को ठीक किये जायेंगे, नये लाइट की आवश्यकता होगी उसे लगाया जाएगा, ताकि क्षेत्र मे पर्याप्त रोशनी हो। सामुदायिक शौचालयो का रखरखाव तथा संचालन हेतु स्वच्छता श्रृंगार योजना के अंतर्गत रूचि की अभिव्यक्ति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें 65 एनजीओ द्वारा ने भाग लिया गया, इसमें 7 पात्र एवं 58 पात्र पाये गये, पात्र पाए गए समूह/एन.जी.ओ./फर्म की चयन की प्रक्रिया हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया। समिति ने कुछ आवश्यक संशोधन के साथ पारित किया। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, एकांश बंछोर, मन्नान गफ्फार खान, चन्द्रशेखर गंवई, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, सहित आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

शिक्षक दिवस पर महाविद्यालय के गुरुजनों का भी किया गया सम्मान

भिलाई, 6 सितंबर। वैशाली नगर विधानसभा की सभी शासकीय और निजी विद्यालयों के लगभग 3200 शिक्षकों के सम्मान पश्चात विधानसभा के सभी महाविद्यालयों के गुरुजनों का सम्मान समारोह प्रारंभ हुआ। विधायक रिकेश सेन ने मनसा शिक्षा महाविद्यालय एवं श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के शिक्षकों का सम्मान कर आज इस समारोह का शुभारंभ किया है। मनसा शिक्षा महाविद्यालय कुरूद में विधायक ने 41 गुरुजनों को शिक्षक दिवस के अवसर पर श्रीफल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में 57 गुरुवर का सम्मान हुआ। कार्यक्रम में शिक्षाविद आईपी मिश्रा और विधायक रिकेश सेन ने प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, डॉ.

जे दुर्गा प्रसाद राव, डॉ. सीमा द्विवेदी, कविता कुशवाहा, डॉ. महेंद्र शर्मा, डॉ. आशीष नाथ सिंह, आकांक्षा जैन, भुवनेश्वरी नायक सहित 57 शिक्षकों की टीम को शिक्षक दिवस कार्यक्रम में सम्मानित किया। मनसा शिक्षा महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. स्मिता सक्सेना, डॉ. पुष्पा शर्मा, डॉ. संगीता जोशी, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. नमिता गौराहा, डॉ. रितिका सोनी, डॉ.नम्रता पांडेय, सपना चौरसिया, सुषमा कोले, रेखा लाउत्रे, ममता पटले, सुदीप्ता नंदी, मेजर सिंह, नरेन्द्र गौराहा, जिज्ञासा शर्मा सहित 41 शिक्षकों का सम्मान हुआ। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय से लेकर महाविद्यालयीन शिक्षकों का अभूतपूर्व योगदान रहा है इसलिए हमारे भिलाई की पहचान शिक्षाधानी के रूप में होती है। स्कूली शिक्षा में अविस्मरणीय योगदान देने वाले 3200 शिक्षकों के सम्मान पश्चात आज से वैशाली नगर विधानसभा के सभी महाविद्यालयीन गुरुजनों का सम्मान होना है जिसकी शुरुआत आज कर दी गई है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, मनोज तिवारी, रमाकांत गुप्ता, अवतार सिंह, अंकूर शर्मा, अन्नू राणा, सतबीर सिंह, तसविंदर सिंह सहित अन्य प्रतिष्ठितजन व महाविद्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

उद्यानों एवं डिवाइडर्स में लगाये पौधों की हो रही ट्रिमिंग

भिलाई, 6 सितंबर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य निरंतर जारी है। पर्यावरण को हरा-भरा रखने के उद्देश्य को लेकर वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही पौधों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्री-गार्ड भी लगाया जा रहा है। जिससे पौधे आसानी से बड़ा हो जाये और वृक्ष का रूप ले सके। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देश दिये हैं। निगम भिलाई क्षेत्र में जहां भी वृक्षारोपण किया गया है। उसका मॉनिटरिंग करे साथ ही जो पौधे बड़े हो गये है या जिनके डाल इधर-उधर बिखर गये हैं। उनकी कटाई-छटाई, ट्रिमिंग का कार्य करते रहे। जिससे पौधे सुन्दर एवं स्थल के आकार में बड़े हो। निर्देश का पालन करते हुए उद्यान विभाग के श्रमिकों को पेड़ों की कटाई, छटाई कार्य पर लगाया गया है। जिनके द्वारा गौरव पथ डिवाइडर, सेक्टर 01 के उद्यानों में ट्रिमिंग का कार्य किया जा रहा है। जहां भी खाली स्थान दिख रहा है वहां पौधे भी रोपित किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने नागरिकों से अपील किये है कि पर्यावरण हम सबके लिए बहुत ही उपयोगी है। इसका पुरी तरह से ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। पौधे लगाएं और उसकी सुरक्षा करें। हम सब के प्रयास से ही भिलाई शहर को हरा-भरा एवं सुन्दर बना सकते हैं।

हर युग में परिवर्तन के लिए शिक्षक देते हैं मार्गदर्शन: रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 06 सितम्बर। भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस शिक्षक दिवस' के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री संतोष पाण्डे द्वारा किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि 5 सितम्बर का विशेष दिन शिक्षक दिवस के रूप में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की याद में मनाया जाता है। जिन्होंने भारत की शिक्षा प्रणाली को दिशा दी थी। उनकी इसी सोच और कल्पना के साथ उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। शिक्षा का दीपक अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है और हर युग के निर्माण में परिवर्तन के लिए हम जिन्हें आराध्य मानते हैं, शिक्षक मार्गदर्शन देते हैं। भगवान श्रीराम को गुरू वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा-दीक्षा मिली, भगवान श्री कृष्ण ने विश्व को गीता का ज्ञान दिया। उन्हें भी ऋषि संदीपनी के आश्रम में शिक्षा मिली। शिक्षक युग को बदलने वाले होते हैं। चाणक्य ने चंद्रगुप्त मौर्य को शिक्षा देकर हिन्दुस्तान का नक्शा बदल दिया। गुरू द्रोणाचार्य ने अर्जुन को ऐसी शिक्षा दी, जो हिन्दुस्तान की अद्भुत घटना मानी जाती है। स्वामी विवेकानंद के गुरू श्री रामकृष्ण परमहंस ने उनके जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में देखे तो पंडित रविशंकर शुक्ल ने शिक्षक रहते अपनी अमूल्य सेवाएं दी। राजनांदगांव में गुरू की गौरवशाली परंपरा रही है। देश और दुनिया में इसकी कीर्ति-पताका फैली हुई है। जिले के महान साहित्यकार डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, डॉ. गजानन माधव मुक्तिबोध, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र दिग्विजय महाविद्यालय में गवाह रहे हैं तथा श्रेष्ठतम साहित्यकार के रूप में आगे बढ़े हैं। न जाने कितने ऐसे उदाहरण है, जिन्होंने देश में युग के परिवर्तन के निर्माण में अपनी भूमिका निभाई तथा दुनिया में शिक्षा एवं ज्ञान के लिए एक संदेश दिया है। शिक्षकों को हमेशा सम्मान मिलता है। पहले गुरू के रूप में माता पहली शिक्षक होती है और संस्कार की पहली पाठशाला घर से प्रारंभ होती है। माता ने हम सभी को यहां तक पहुंचाया है और गुरूओं की हम पर कृपा रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में जिले के 30 शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरस्कार एवं शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव श्री सचिन बघेल, श्री खूबचंद पारख, श्री नीलू शर्मा, श्री रमेश पटेल, श्री संतोष अग्रवाल, श्री अशोक देवांगन अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व आम नागरिक उपस्थित थे।

एक नजर

महापौर ने दी तीजा एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

राजनांदगांव 6 सितम्बर। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नगर की महिलाओं को तीजा की बधाई दी साथ ही गणेश चतुर्थी की नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुये गणेश पर्व को भक्ति भाव एवं उमंग व उल्लास के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने तीजा पर अपने शुभकामना संदेश में कहा कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक त्यौहार तीजा में महिलाएं निर्जला उपवास कर भगवान शंकर पार्वती की पूजा कर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना करती है। साथ ही तीजा व्रत रखने से महिलाओं को सौभाग्य के साथ साथ सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसके अलावा परिवार में भी बरकत आती है। उन्होंने कहा कि तीजा पर्व ऐसा पारंपरिक त्यौहार है जिसमें महिलायें अपने मायके आकर माता पिता, भाई के घर यह त्यौहार मनाते है। तीजा के दिन निर्जला व्रत रख शंकर पार्वती की पूजा कर चतुर्थी के दिन उपवास तोडते है। उन्होंने पुनः महिलाओं को तीज पर्व की शुभकामनाएं दी है। महापौर श्रीमती देशमुख ने गणेश पर्व की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि भगवान श्री गणेश भोले भाले एवं सादगी के प्रतीक है। इनकी भक्ति के कारण इन्हें प्रथम पूजे जाने का वरदान प्राप्त हुआ था। इसीलिये किसी भी धार्मिक पूजा पाठ एवं शुभकार्य के पहले भगवान श्री गणेश की पूजा अराधना की जाती है। उन्होंने कहा कि गणेश पर्व बहुत उत्साह से मनाया जाता है, जहाँ बडे छोटे समितियों द्वारा बडी बडी प्रतिमा स्थापना सार्वजनिक तौर पर की जाती है। वही घर घर प्रतिमा स्थापना कर सुख समृद्धि की कामना की जाती है। उन्होंने तीजा एवं गणेश पर्व की पुनः शुभकामना देते हुये नागरिकों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मृतका के परिजनों को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दी गई

नगरी 6 सितंबर। एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना कार्यालय नगरी में कार्यरत भृत्य श्रीमती भगवती मरकाम, पति स्वर्गीय कामता प्रसाद का आकस्मिक निधन दिनांक 5.9.2024 को हो जाने पर शासन के द्वारा दिए जाने वाले अनुग्रह अनुदान राशि 50 हजार रुपए का भुगतान मृतक के आश्रित सदस्यों को आदिवासी ककभ विकास परियोजना नगरी की कर्मचारीयों के द्वारा उनके निवास ग्राम फरसियां में जाकर दिया गया, इस दौरान उपस्थित विभागीय कर्मचारियों में भानेंद्र अटलखाम,अजहर खान,स्कंध ध्रुव, जितेंद्र साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

शिक्षक दिवस पर नवनियुक्त प्रधान पाठक सीमा शर्मा को किया सम्मानित

राजनांदगांव 6 सितंबर। छुईखदान ब्लाक के हाई स्कूल, मिडिल स्कूल,और प्राथमिक शाला खैरबना मे हर्षोल्लास के साथ आज बच्चों के द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा शिक्षक,शिक्षिकाओ का स्वागत किया गया और शिक्षक शिक्षिकाओ को कई प्रकार के खेल मे भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ. जहाँ हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य मधुसूदन देशलहरे द्वारा शा.प्रा. शाला खैरबना के नवनियुक्त प्रधान पाठक सीमा शर्मा को साड़ी और श्री फल देकर स्वागत (वेलकम) किया गया। इस अवसर पर ग्राम के हाई स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष धनसाय साहू, मिडिल स्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सरद्वारी, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष नयन सिंह जंघेल, उपाध्यक्ष डिलेश्वर अचीन और हाई स्कूल के शिक्षक लोकेश साहू ग्राम के गणमान्य नागरिक गण मे सेवानिवृत शिक्षक मनहरण जंघेल और मिडिल स्कूल के प्रभारी प्रधान पाठक पुखराज खुशरो, शत्रुहन कुमार साहू, कन्हैया राम जंघेल प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्रीमती सीमा शर्मा, सहायक शिक्षिका यशोदा ठाकुर, ग्राम के अतिथि शिक्षक सचिन जंघेल, टाकेश्वर जंघेल आदि लोग उपस्थित थे।ग्राम के सरपंच ललित जंघेल ने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ को अपनी शुभकामनाये दी।

महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए भाजपा सरकारें प्रतिबद्ध

रायपुर 6 सितंबर। महिला स्व सहायता समूह के तत्वावधान में गुरुवार को राजधानी के वृंदावन हाल में गरिमामय आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में भाजपा की राष्ट्रीय सचिव, महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर विशेष रूप से उपस्थित थीं। इस अवसर पर सुश्री राहटकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की मातृ-शक्ति ने भाजपा पर भरोसा करते हुए प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाई है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित करके महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारें प्रतिबद्ध हैं। सुश्री राहटकर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनके आत्म-सम्मान की चिंता भाजपा की प्राथमिकता है। भाजपा राष्ट्रीय सचिव सुश्री राहटकर ने तीजा महोत्सव कार्यक्रम में आई महिलाओं को 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करवाकर उन्हें भाजपा का सदस्य बनाया। महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाजपा की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी काफी संख्या में उपस्थित रहीं। प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अमर बंसल , अकबर अली, विभा राव आदि ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान को जबरदस्त रिस्पांस:विजया राहटकर

रायपुर 6 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव और सदस्यता अभियान की छत्तीसगढ़ प्रभारी विजया राहटकर ने छत्तीसगढ़ में भाजपा के सदस्यता अभियान की प्रगति की सराहना करते हुए कहा है कि प्रदेश, जिला और मंडल स्तर तक की हुई कार्यशालाओं के बाद इस अभियान में जुटे पार्टी के 3.65 लाख प्रशिक्षित कार्यकर्ता समाज के सभी वर्गों, क्षेत्रों तक पहुँचकर सदस्यता के अभियान को गति देंगे और जन-मन को जोड़कर काम कर रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के नेतृत्व में सदस्यता के लक्ष्य को पार करेंगे। सुश्री राहटकर ने कहा कि इस अभियान को हम सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशक बनाकर भौगोलिक विस्तार को ध्यान में रखकर हर बूथ के सभी समाज, वर्ग को हम स्पर्श करेंगे। भाजपा सदस्यता अभियान की अब तक की प्रगति की समीक्षा बैठक लेने राजधानी पहुँची सुश्री राहटकर ने गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सदस्यता नवीनीकरण का अभियान पूरे देश में शुरू हो चुका है। 2014 व 2019 के सदस्यता अभियान की चर्चा करते हुए सुश्री राहटकर ने कहा कि कार्यकर्ताओं व जनता जनार्दन के सतत सम्पर्क के कारण छत्तीसगढ़ में इस अभियान को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फोन नं. 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके, क्यूआर कोड स्कैन करके, नमो एप और भाजपा की वेबसाइट पर जाकर भाजपा की सदस्यता ली जा सकती है। सुश्री राहटकर ने कहा कि राष्ट्रनिर्माण की भावना और 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने देश के हर नागरिक को जोड़ना इस अभियान का उद्देश्य है। इसी के साथ भाजपा की विचारधारा और भाजपानीत सरकारों की जनकल्याणकारी उपलब्धियों की चर्चा करके हम सबको पार्टी के साथ जोड़ेंगे। सुश्री राहटकर ने कहा कि भाजपा का सदस्य या हितैषी हमारे लिए सिर्फ एक अंक नहीं है, अपितु वह हमारी विचारधारा का वाहक और कार्य संस्कृति का पोषक भी है।

भाजपा सदस्यता अभियान की प्रदेश प्रभारी सुश्री राहटकर ने कहा कि पार्टी के इस सदस्यता अभियान में सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता सहयोग करेंगे और सदस्यता के लक्ष्य को अर्जित करेंगे। राष्ट्रीय स्तर के बाद प्रदेश, जिला और मंडल इकाइयों में सदस्यता अभियान की शुरुआत के बाद अब कल 6 सितंबर से शक्ति केंद्रों पर अभियान शुरू किया जाएगा। इसी प्रकार 11 सितंबर को संसद सदस्य, 12 सितंबर को विधायक-विधायक प्रत्याशी, 13 सितंबर को नगरीय निकाय के सभी जनप्रतिनिधि और 14 सितंबर को पंचायती संस्थाओं के जनप्रतिनिधि सदस्यता अभियान में जुटेंगे। सुश्री राहटकर ने कहा कि पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी समाज के पुरस्कार प्राप्त प्रतिष्ठित जनों, समाज प्रमुखों से संपर्क करके उन्हें पार्टी का सदस्य बनाएंगे। इस तरह हर बूथ तक पहुँचकर हम इस अभियान को सफल बनाएंगे। छत्तीसगढ़ में यह अभियान बहुत अच्छे ढंग से शुरू हुआ है और अपने लक्ष्य को पार करने में सफल रहेगा। सुश्री राहटकर ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता संगठन व सरकार के बीच एक कड़ी का काम करता है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। मिस्ड कॉल के जरिए सदस्यता लेने वाले कार्यकर्ताओं को भी हम कभी मिस नहीं करेंगे, क्योंकि कार्यकर्ता भाजपा की थाती हैं और पार्टी अपने सभी नए-पुराने कार्यकर्ताओं की पूरी चिंता करती है। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सवन्नी, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल भी उपस्थित थे।

उप संचालक ने बैठक में सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

धमतरी 6 सितम्बर। उपसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर श्री आशुतोष चावरे की अध्यक्षता में जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक और संकुल समन्वयकों की बीते दिनों विभागीय समीक्षा बैठक ली। स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में आयोजित इस बैठक में जिलें के 168 प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक सम्मिलित हुए। बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं निःशुल्क सरस्वती सायकल, निः शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, मध्याह्न भोजन संचालन, बालवाड़ी, विगत सत्र के परीक्षा परिणाम की समीक्षा समीक्षा की गई।

शिक्षक दिवस पर जिले के 1490 स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित

धमतरी 6 सितम्बर। पूर्व राष्ट्रपति और प्रख्यात शिक्षाविद् भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आज देश, प्रदेश सहित जिले में भी शिक्षक दिवस गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के 1490 स्कूलों में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया और अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही जिले में अनोखी पहल भी की जा रही है, जिसमें बड़ी कक्षाओं के बच्चों द्वारा अपने से छोटी कक्षाओं के बच्चों को बाल शिक्षक के तौर पर अध्यापन कराया जा रहा है। इससे उनके व्यक्तित्व का विकास तो होगा ही, इसके साथ ही पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझने एवं भविष्य में अच्छे शिक्षक बनने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी भी शामिल हुए। हायर सेकेण्डरी स्कूल रूद्री में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी से सभी बच्चे को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में सहभागिता दर्ज कर व्यक्तित्व विकास करने हेतु बच्चों को प्रेरित किया। साथ ही उनका हौसला अफजाई करते हुए निरंतर कठिन परिश्रम कर लक्ष्य को प्राप्त करने अपनी शुभकामनाएं दीं।

शिक्षक दिवस पर छात्रसंघ ने किया शिक्षकों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 6 सितंबर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र संघ के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह पूर्वक किया गया।इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा शाला के छात्र-छात्राओं के द्वारा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष उत्तमचंद नाहटा एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।समिति के द्वारा प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू , सेवा निवृत्त शिक्षक ज्योतिष राम यादव तथा गजेन्द्र हरिहारनो सर को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।इसी क्रम में भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता कमल नारायण साहू के द्वारा भी सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पेन गिफ्ट कर सम्मानित किया गया तथा शाला के छात्र-छात्राओं ने अपने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को पेन भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में समारोह के मुख्य अतिथि उत्तमचंद नाहटा, प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू, शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं तथा समिति के सदस्यों एवं छात्र छात्राओं के द्वारा भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर एवं विधिवत पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ।समिति के अध्यक्ष उत्तमचंद नाहटा ने कार्यक्रम को संबोधित किया।अपने उद्बोधन में उन्होंने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों से शिक्षा जगत को सीख लेने का आग्रह किया।उन्होंने समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा किया तथा उन्होंने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे सदैव अपने शिक्षकों का सम्मान करें एवं उनके बातों का अनुसरण करें। आज के छात्र कल इस देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे तथा देश और समाज का भार आपके कंधों पर होगा। इसके लिए समाज को जिम्मेदार नागरिकों की आवश्यकता होगी यह कार्य आप शिक्षकों के द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण करके ही कर सकते हैं।समभा को प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू , ज्योतिष राम यादव,गजेन्द्र हरिहारनों,राधेश्याम कमरिया,नूरुद्दीन मौलवी,सुषमा ऊके,महेश ठाकुर एवं अर्जुन सोनी शाला नायक आदित्य रंगारी, कु. लक्ष्मी,लुमेंद्र साहू, कु. देविका तथा छात्रजीत ने भी संबोधित किया।

प्रदेश में बलराम जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा

रायपुर, 6 सितम्बर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में कृषि के देवता माने जाने वाले भगवान श्री बलराम जी की जयंती 9 सितम्बर, 2024 को भगवान श्री बलराम जयंती-किसान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय, रायपुर के कृषि मण्डपम में दोपहर 12:00 बजे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री दिनेश कुलकर्णी हांगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद, रायपुर, श्री अनुज शर्मा, विधायक, धरसींवा, श्री मोतीलाल साहू, विधायक, रायपुर ग्रामीण, डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं श्री सुरेश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रान्त उपस्थित रहेंगे।

सीईओ जिला पंचायत ने होटल एवं ढाबा संचालकों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

■ 15 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान

■ जल संरक्षण, घुमंतू पशुओं के विचरण पर नियंत्रण एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान को जन-अभियान के रूप में लेने बैठक का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 6 सितम्बर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जल संरक्षण, स्वच्छता, नेशनल हाईवे तथा अन्य सड़कों पर पशु विचरण एवं समुदाय से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा-परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त नगर पालिक निगम श्री अभिषेक गुप्ता, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, पशु चिकित्सा विभाग के प्रतिनिधि, जनपद पंचायतों के सीईओ सहित स्थानीय उद्योगों के उद्योगपति, होटल एवं ढाबा संचालक, गौ सेवा समिति के सदस्य, निजी स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि 15 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी को अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने कहा है, इसे जन-अभियान के रूप में मनाने हेतु सभी से अपील की तथा सामूहिक भागीदारी से इस कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि होटलों एवं ढाबा से निकलने वाले कचरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर विचरण करने वाले घुमंतु पशुओं का जमवाड़ा रहता है, जिससे आये दिन जनहानि की शिकायत मिलते रहती है। उन्होंने होटल एवं ढाबा संचालकों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा। होटल एवं ढाबा संस्थान से निकलने वाली सूखे कचरे का व्यवस्थापन ग्राम पंचायत में नियुक्त स्वच्छता दीदी के माध्यम से कराया जाएगा, इसके लिये सभी को ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव से समन्वय स्थापित कर यह कार्य करना होगा। गीला कचरा की विस्थापन की व्यवस्था स्वयं द्वारा निर्मित सोख्ता गड्ढे का निर्माण कर करना होगा। बैठक में 15 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2024 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान में सभी प्रतिनिधियों से श्रमदान कर स्वच्छता की दिशा में सहयोग प्रदान करने की अपील की गयी। बैठक में नेशनल हाईवे एवं अन्य सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं को रोक लगाने हेतु सभी उपस्थित प्रतिनिधियों से सुझाव लिये गये। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने होटल-ढाबा संचालक, निजी स्कूल के संचालक, उद्योगो के संचालक आपस में ग्रुप तैयार कर चिन्हांकित क्षेत्र में विचरण करने वाले पशुओं के आश्रय एवं चारा की व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। इस पर सभी उपस्थित प्रतिनिधियों ने सहमति व्यक्त करते हुये आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में इस कार्य के लिए सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव को नोडल अधिकारी नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

समाचार संक्षेप

तीजा त्योहार के पूर्व महापौर एवं आयुक्त ने कर्मियों को साड़ी एवं वर्दी का किया वितरण

राजनांदगांव 6 सितम्बर। नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों को समय समय पर वर्दी, साड़ी, रैन कोट के अलावा अन्य सुरक्षागत सामग्री का वितरण किया जाता है। इसी कडी में आज तीजा त्योहार के पूर्व महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री गणेश पवार की उपस्थिति में नगर निगम के महिला सफाई कर्मियों को साड़ी एवं पुरूष सफाई कर्मियों को वर्दी का वितरण किया। महापौर श्रीमती देशमुख ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ के पारंपरिक त्योहार तीजा के पूर्व आज सफाई कर्मियों को साडी एवं वर्दी का वितरण किया जा रहा है। हमारे सफाई कर्मी नगर निगम की प्रमुख कडी है, इनके कारण ही हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ रहता है, और हम स्वच्छ वातारण में निवास करते है। उन्होंने सभी महिला सफाई कर्मियों को तीज पर्व की बधाई देते हुये, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे सफाई मित्रों के सफाई कार्य को देखते हुये इनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इन्हें साड़ी, वर्दी, रैन कोट, बूट तथा अन्य सुरक्षा के सामग्री का वितरण नगर निगम द्वारा समय समय पर किया जाता है, ताकि ये अपने दायित्वों का बिना कोई परेशानी के कुशलता पूर्वक निर्वहन कर सके। प्रभारी सदस्य श्री गणेश पवार ने भी साड़ी व वर्दी वितरण अवसर पर कहा कि सफाई कर्मी अपने दायित्वों का अच्छे से निर्वाहन करे, उन्होंने तीजा पर्व की महिला कर्मियों को बधाई दी। इस अवसर पर प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव सहित महिला पुरूष सफाई कर्मी उपस्थित थे।

शिक्षक का कार्य कभी समाप्त नहीं होता:आर एन सिंह

राजनांदगांव , 6 सितंबर । शिक्षक दिवस के अवसर पर आज नवीन जिला मोहला - मानपुर - अंबागढ़ चौकी , चिल्हाटी रोड स्थित श्री राम निवास सारडा कैंपस में शिक्षकों का सम्मान किया गया । इस अवसर नांदगांव शिक्षा मंडल के डॉ .आर .एन. सिंह एवं इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य डॉ. एस .के. मिश्रा ने नांदगांव शिक्षा मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए शिक्षकों का शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया । कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राधाकृष्णन पूर्व राष्ट्रपति के तैल चित्र पर माल्यार्पण के साथ मां सरस्वती तथा भारत मां की पूजा अर्चना के साथी गई । अपने उद्बोधन में डॉ. आर एन सिंह ने कहा कि एक शिक्षक का काम कभी खत्म नहीं होता है । वे समाज को नई दिशा अपने अनुभव के आधार पर देते रहते हैं । शाला प्राचार्य डॉ .एस के मिश्रा ने भी कॉलेज तथा स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन को समाज के लिए महत्वपूर्ण और भविष्य निर्माण का आधार बताया ।

शिक्षकों का किया गया सम्मान



राजनांदगांव 6 सितंबर। धामनसरा उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनसरा के सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह रखा गया था सर्व प्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी पूर्व राष्ट्रपति एवं शिक्षाविद जयंती अवसर पर तैल चित्र पर पुजा अर्चना कर शुभारंभ किया शिक्षक संजीव शर्मा सतीश गुप्ता धनंजय साकुरे संतोष कुमार देशमुख संतोष कुमार ठाकुर विजय साहु सुभाष साहू माधो उइके रोहित जोशी राजेश कुमार चौरसिया जीवन लाल बेलसरिया ओमप्रकाश साहू नेहा श्रीवास्तव वर्षा श्रीवास्तव उर्वशी चंदाकर रंजनी साहू तेजेश्वरी साहू नीतू चौरसिया सीमा ठाकुर के तिलक श्रीफल पेन भेंटकर सम्मान किया समरोह को योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद पुनू राम पटेल पूर्व सरपंच संजीव शर्मा ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी जीवन परिचय एवं शिक्षक जगत से देश सर्वोच्च पद राष्ट्रपति तक जीवन संबंध में जानकारी दी सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर उपसरपंच कृत लाल पटेल पूर्व उप सरपंच चुम्मन निषाद अध्यक्ष ग्राम विकास समिति ढालू राम पटेल उपाध्यक्ष सिलीप पटेल हिरदे यादव अध्यक्ष शाला विकास समिति रामचन्द्र चंदाकर भागवत दास वैष्णव सुखेन पटेल मोहित पटेल ने शिक्षकों सम्मान किया छात्र छात्राओं सहित ग्रामवासियों उपस्थित रहा।

खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, जेण्डर समानता सहित जेंडर रणनीति की समीक्षा की

धमतरी 6 सितम्बर। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय, सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव की उपस्थिति में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला केन्द्रित योजनाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आहूत की गई। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सामाजिक समावेशन एवं सामाजिक विकास शाखा के तहत संचालित परियोजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

संपादकीय

संघ ने अपना नजरिया तो स्पष्ट कर दिया

देश में जाति एक संवेदनशील मामला है, इस गंभीरता से लेने की जरूरत है लेकिन जातिवादी राजनीति करने वाले इस पर जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं,उससे साफ पता चलता है कि वह इसके दूरगामी परिणाम को लेकर कतई गंभीर नहीं है। वह अपने अल्पकालिक राजनीतिक फायदे के लिए इस देश की राजनीति का एक मुख्य मुद्दा बनाना चाहते हैं। विपक्ष जाति के नाम पर राजनीति करने के लिए देश में जाति गणना चाहता है। इसलिए वह खुद तो इसे आए दिन उठाता रहता है तथा भाजपा से भी इस पर अपना रुख साफ करने को कहता रहता है।राहुल गांधी तो इस सबसे ज्यादा उठाते रहते हैं, वह इस मुद्दे पर लोगों को बताते रहते हैं कि आपकी जाति के लोगों की हिस्सेदारी शासन में नहीं है,इस क्षेत्र में नहीं है, उस क्षेत्र में नहीं है। यानी किसी भी क्षेत्र में किसी जाति या वर्ग के लोग नहीं है तो इसके लिए वह वर्तमान सरकार को दोषी बताते हैं और आश्वस्त करते हैं कि जाति गणना वह कराएंगे तो सब ठीक हो जाएगा, सभी जाति व वर्ग के लोगों को सभी क्षेत्र मे प्रतिनिधित्व मिल जाएगा। ऐसा कहते हुए वह भूल जाते हैं कि वह जाति गणना की बात करते हैं तो लोगों को मन में एक सवाल यह तो उठता है कि जब जाति गणना देश व यहां की जनता के लिए इतनी जरूरी थी तो कांग्रेस ने अपने पचास से ज्यादा साल के शासन में यह कराया क्यो नहीं, पिछड़ा वर्ग देश का सबसे बड़ा वोट बैंक है तो राहुल गांधी चाहते हैं कि वह उसके नेता बन जाएँगे तो कांग्रेस की सत्ता में वापसी हो जाएगी। वह इसके लिए अपने हर सभा में पिछड़ों की बात करते हैं। वह भूल जाते हैं कि कांग्रेस से निकले एक नेता वीपी सिंह ने भी ऐसी ही राजनीति कर पिछड़ों का मसीहा बनने का प्रयास किया था, लेकिन पिछड़ों ने उन्हें अपना नेता नहीं माना क्योंकि वीपी सिंह पिछड़ा नहीं थे। पिछड़ा वर्ग अपना नेता तो उसी को मानता है तो जो पिछड़ा वर्ग से आता हो। पिछड़ा वर्ग जिसमें अपना चेहरा देखता है। राहुल गांधी तो चेहरे से पिछड़ा लगते नहीं है। इसलिए पिछड़ा वर्ग उसमें अपना नेता देखता नहीं है। पिछड़ा वर्ग ने जिस तरह वीपी सिंह, मुलायम सिंह व लालू प्रसाद को सबक सिखाया है। वह राहुल गांधी को भी चुनाव में बताएगा कि सिर्फ पिछड़ों की बात करने वालों को वह अपना नेता नहीं मानते हैं। अब तो केरल में हुई बैठक में आरएसएस ने जाति गणना पर अपना रुख साफ कर दिया है तथा भाजपा को संदेश दे दिया है कि जाति गणना पर उसका रुख क्या होना चाहिए। संघ का साफ कहना है कि उसे विशेष समुदाय या जातियों के आंकड़े जमा करने में कोई आपत्ति नही है, इसका उपयोग जनता के कल्याण के लिए होना चाहिए न कि राजनीतिक औजार के रूप में होना चाहिए। संघ ने यह बयान देकर देश के लोगों को संदेश दे दिया है कि वह जाति गणना के पक्ष में है, पर उन आंकड़ों का उपयोग जनता के कल्याण के लिए होना चाहिए। लेकिन जो लोग इस पर राजनीति कर रहे हैं, वह इसका उपयोग राजनीति के लिए करना चाहते हैं। भाजपा को चुनाव में हराने के लिए करना चाहते हैं। कांग्रेस तब तक चुनाव जीत नहीं सकती जब तक हिदुत्व के मुद्दे पर भाजपा को हिंदुओं के एकमुश्त वोट मिलते हैं। इसलिए वह हिंदुत्व के मुद्दे की काट के लिए जाति का कार्ड जनता की भलाई के लिए नहीं महज चुनाव जीतने के लिए करना चाहती है। कांग्रेस जाति का कार्ड चलकर हिंदू समाज को जातियों में बांट देना चाहती है। ताकि भाजपा को हिंदुओं का एकमुश्त वोट न मिले। संघ इस बात को समझ रहा है कि इस मुद्दे पर भागने से, चुप रहने से कुछ नहीं होगा। खुल कर मैदान में आना होगा। जनता को इस मुद्दे पर इस तरह जागरूक करना होगा कि जनता को यह बात समझ में आ जाए कि जाति गणना से कुछ भी नहीं बदलने वाला है। लोगों को बताना होगा कि जाति गणना से कुछ भी नहीं बदलने वाला है,बिहार इसका सबसे अच्छा उदाहरण है, वहां जाति गणना हो गई, आंकड़े सामने आ गए तो बिहार में क्या बदलाव आ गया है। क्या बिहार की गरीबी दूर हो गई, क्या बिहार के सभी जातियों को सभी क्षेत्र में जाति के हिसाब से प्रतिनिधित्व मिल गया। क्या जाति के हिसाब से लोगों को नौकरी मिल गई। जाति गणना से जब बिहार में कुछ नहीं बदला है तो देश में कैसे सब कुछ बदल सकता है।

गणेश चतुर्थी

ललित गर्ग

विघ्नहर्ता, शुभकर्ता गणेशजी बहुआयामी देवता हैं

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। प्राचीन काल से हिन्दू समाज कोई भी कार्य निर्विघ्न सम्पन्न करने के लिए उसका प्रारम्भ गणपति की पूजा से ही करता आ रहा है। प्रतिकूल, अशुभ, अज्ञान एवं दुःख से परेशान मनुष्य के लिये गणेश ही तारणहार है। वे सात्विक देवता हैं और विघ्नहर्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश

ही गणेश छाए हुए है। भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को सिद्धि विनायक भगवान गणेश का जन्म हुआ। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि, वैभव, आनन्द, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता देव हैं। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है। गणेश के रूप में विष्णु शिव-पार्वती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और शिव ने का, धर्मदेव पे धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।ह्न सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। प्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। गणेशजी की आकृति विचित्र है, किन्तु इस आकृति के आध्यात्मिक संकेतों के रहस्य को यदि समझने का प्रयास किया जाये तो सनातन लाभ प्राप्त हो सकता है। क्योंकि गणेश अर्थात शिव पुत्र अर्थात शिवत्व प्राप्त करना होगा अन्यथा क्षेम एवं लाभ की कामना सफल नहीं होगी। गजानन गणेश की व्याख्या करें तो ज्ञात होगा कि ह्यगजह्न दो व्यंजनों से बना है। ह्यगह्न प्रतीक है गति और गंतव्य का तो ह्यजह्न जन्म अथवा उद्गम का प्रतीक है। अर्थात गज शब्द उत्पत्ति और अंत का संकेत देता है-जहाँ से आये हो वहीं जाओगे। जो जन्म है वही मृत्यु भी है। ब्रह्म और जगत के यथार्थ को बनाने वाला ही गजानन गणेश है।

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे सात्विक देवता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। महाराष्ट्र का गणेशोत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है। हजारों स्थानों पर भारतीय कला और संस्कृति की भिन्न-भिन्न गणेश-छवियों के दर्शन होते हैं। रात्रि में सर्वत्र रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। अंतिम दिन बड़ी धूमधाम से गणेश-प्रतिमाओं का विसर्जन नदी तटों, सरोवरों अथवा समुद्र में किया जाता है। दिन-प्रतिदिन गणेश चतुर्थी को अधिक से अधिक भव्यता से मनाने का प्रचलन बढ़ता ही जा रहा है। भारतीय संस्कृति एक ईश्वर की विशाल कल्पना के साथ अनेकानेक देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से फलती-फूलती रही है। सब देवताओं की पूजा से प्रथम गणपति की पूजा का विधान है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। बड़े एवं साधारण सभी प्रकार के लौकिक कार्यों का आरंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बही-खातों पर ह्यश्री गणेशाय नमःह्न लिख कर नये वर्ष का आरंभ करते हैं। प्रत्येक कार्य का शुभारंभ गणपति पूजन एवं गणेश वंदना से किया जाता है। विवाह का मांगलिक अवसर हो या नए घर का शिलान्यास, मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा हो या उत्सव हो या जीवन में षोड्स संस्कार का प्रसंग, गणपति का स्मरण सर्वप्रथम किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार जो भक्ति-पूर्वक गणेश की पूजा-अर्चना करता है, उसके सम्मुख विघ्न कभी नहीं आते। गणपति गणेश अथवा विनायक सभी शब्दों का अर्थ है देवताओं का स्वामी अथवा अग्रणी।

गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्ववेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। छोटा मुख कम, तर्कपूर्ण तथा मृदुभाषी होने का द्योतक है।

गणेश का व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, जिसे पढ़ पाना एवं समझ पाना हर किसी के लिये संभव नहीं है। शासक भी वही सफल होता है जिसके मनोभावों को पढ़ा और समझा न जा सके। इस प्रकार अच्छा शासक वही होता है जो दूसरों के मन को तो अच्छी तरह से पढ़ ले परन्तु उसके मन को कोई न समझ सके। दरअसल वे शौर्य, साहस तथा नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। उनके हेरांब रूप में युद्धप्रियता का, विनायक रूप में यक्षों जैसी विकरालता का और विघ्नेश्वर रूप में लोकरंजक एवं परोपकारी स्वरूप का दर्शन होता है। गण का अर्थ है समूह। गणेश समूह के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक, गणपति आदि नामों से पुकारा जाता है। गज मुख पर कान भी इस बात के प्रतीक हैं कि शासक जनता की बात को सुनने के लिए कान सदैव खुले रखें। यदि शासक जनता की ओर से अपने कान बंद कर लेगा तो वह कभी सफल नहीं हो सकेगा। शासक को हाथी की ही भांति शक्तिशाली एवं स्वाभिमानी होना चाहिए। अपने एवं परिवार के पोषण के लिए शासक को न तो किसी पर निर्भर रहना चाहिए और न ही उसकी आय के स्रोत ज्ञात होने चाहिए। हाथी बिना झुके ही अपनी सूँड की सहायता से सब कुछ उठा कर अपना पोषण कर सकता है। शासक को किसी भी परिस्थिति में दूसरों के सामने झुकना नहीं चाहिए। गणेशजी के पैर छोटे हैं जो कर्मेन्द्रिय के सूचक और सत्व गुणों के प्रतीक हैं। मूषक गणपति का वाहन है जो चंचलता एवं दूसरों की छिद्रान्वेषण की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने का प्रेरक है। गणेशजी की चार भुजाएँ चार प्रकार के भक्तों, चार प्रकार की सृष्टि और चार पुरुषार्थों का ज्ञान कराती है।

गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है।ह्न्द्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्निर्यां हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्निर्यां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से ह्यक्षेमह्न और ऋद्धि से ह्यलाभह्न नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्निर्यां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण ही गणेशजी की मानव-जाति सदा ऋणी रहेगी। आज के शासनकताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। व्यापार कर रहे लोग किसी के साथ कोई साझेदारी कर सकते हैं, जो उनके लिए अच्छी रहेगी। आपके घर में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी, जिससे आपको लाभ होगा। आपकी ऑफिस में अपने बॉस की बातों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप अपने आसपास के लोगों से भी आसानी से काम निकलवा सकेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कुछ समय अकेले में व्यतीत करेंगे। आप किसी डिनर डेट पर भी जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

वृषभ- आज आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप अपनी सुख सुविधाओं को पूरा करने को लेकर योजना बनाएंगे। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप अपनी सेहत के प्रति कोई लापरवाही ना बरतें। यदि आपको कुछ मौसमी बीमारियां चल रही है, तो आप उनमें ढील ना दें, जो व्यापारी विदेशों से व्यापार करते हैं, उन्हें किसी काम को लेकर समस्या आ सकती है। आपको अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है, नहीं तो परिवार का कोई सदस्य आपसे नाराज हो सकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप किसी की सुनी सुनाई बातों में ना आएं और आर्थिक स्थिति को लेकर यदि आपको कोई टेंशन चल रही है, तो वह भी दूर होगी। आपने यदि किसी मित्र या बैंक, व्यक्ति, संस्था से धन उधार लेने की प्लानिंग की है, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी। बिजनेस में आप किसी योजना को लेकर यदि परेशान चल रहे थे, तो उसमें आपको अच्छा लाभ देगी। आपको किसी नुकसान में पड़ने से बचना होगा।

कर्क- आज आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने की संभावना है और आपके कामों को पूरा करने में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आपके पिताजी को कोई पेट से संबंधित समस्या हो सकती है। जीवनसाथी अपनी नौकरी में व्यस्त रहेंगे, जिस कारण वह अपने परिवार की जिम्मेदारियां को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। यदि आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो, तो आप कोई पुरानी बात ना उखाड़े, नहीं तो लड़ाई झगड़ा बढ़ सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए बिजनेस में योजनाओं को बनाकर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपने काम को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आपकी संतान आपसे किसी काम को लेकर बातचीत कर सकती है। आपको अपने सहयोगियों से मन की बातों को लेकर बातचीत करनी होगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि कोई लड़ाई झगड़ा चल रहा है, तो वह दूर होगा। आपको अपने किसी मित्र की याद सता सकती हैं। आप अपने खर्चों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको किसी यात्रा पर जाना बेहतर रहेगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। यदि आप ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कुछ धन उधार लेने की सोच रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको अपने किसी मित्र की सेहत की चिंता सता सकती है कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। आपके परिवार में कोई सदस्य किसी बात को लेकर नाराज रहेगा। आप परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे और अच्छे भोजन का आनंद लेंगे। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप अपनी संतान के करियर को लेकर कोई फैसला ले सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधान रहना होगा। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। आपको जीवनसाथी के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। आप किसी के कहने में आकर कोई काम ना करें, नहीं तो उसमें आपसे गलती होने की संभावना है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर संयम रखने की आवश्यकता है। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आप अपने पिताजी से किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य से चल रही अनबन बातचीत के जरिए दूर होगी। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आप अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आपका कोई बचपन का मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आपको अपने खर्चों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपका कोई मित्र आपसे किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकता है। परिवार में आपके ऊपर जिम्मेदरियां का बोझ अधिक रहेगा। आप अपनी संतान के लिए किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आपने कोई लेनदेन किया, तो वह आपको परेशान करेगा, क्योंकि इससे आपके आपसी रिश्तों में समस्याएं बढ़ेगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए सावधानी और सतर्कता बरतने के लिए रहेगा। आपको लेनदेन बहुत ही सोच विचार कर करने होंगे। यदि अपने ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से लेनदेन किया, तो इससे आपके आपसी रिश्तों में दूरियां आने की संभावना है। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है, जिसके लिए आपको माफी भी मांगनी पड़ सकती है। जीवनसाथी को कोई पेट से संबंधित समस्या रहेगी। विद्यार्थी यदि किसी नए कोर्स में दाखिला लेना चाहते हैं, तो वह उसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आपको किसी काम के चलते अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। सामाजिक कार्यों में आपकी खूब रुचि रहेगी। आप अपने किसी काम को लेकर मनमर्जी ना चलाएं, नहीं तो इससे आपके काफी काम लटकने की संभावना है। आपको अपने परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। यदि आप किसी नए वाहन के खरीदारी करना चाहते हैं, तो उसमें आपको थोड़ा सतर्क रहना होगा। आप परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे।

मीन- आज का दिन आपको अपने विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है और आप अपनी आय को बढ़ाने पर पूरा ध्यान देंगे, जिसके लिए आप कुछ नई जगह निवेश करने के बारे में भी सोचेंगे। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। भाग्य के दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी, जिससे आप एक दूसरे के और करीब आएंगे। आपको किसी काम को लेकर यदि कुछ समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

व्यंग्य

एगो किस्सा बा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

हमरा गाँव में एगो किस्सा बा जेकरा सुने के बाद तहरा एह दुनियाँ के असली चेहरा देखाई पड़ी।

कहानी ह सुभाष मास्टर के, जे आपन कला के दम पर दुनियाँ के बदल देवे के कूबत राखत रहलन। बाकिर, भइया, दुनिया में कला के कदर कहाँ बा? आजकल त उहे आदमी चोटी पर बा, जेकरा लगे शब्दन के तिलिस्म बा, बक-बक के कला बा। सुभाष मास्टर का पास इ तिलिस्म ना रहे, ओनकर पास खाली साँच कला रहे, आ एही कारन ऊ दुनियाँ के परिछाई में परल रहलन।

सुभाष मास्टर के एगो दोस रहलन--रामू मिस्त्री। उ भी अपने काम में माहिर रहलन, लेकिन आजकल त काम करे वाला के कदर कहाँ बा? जदि तहरा लगे साँच बा, त चुपे रह, ना त लोग तोहरा के ठग समझी। रामू मिस्त्री के कला त अइसन रहे कि ऊ सड़ा-गला लकड़ी से सोना बनावे में माहिर रहलन। बाकिर, ई सोना त बाजार के ठिकेदारन के हाथे में चल गइल। लोग कहे कि नकली मोती के माला पहिर के लोग आज राजा बन गइल बा, बाकिर साँच मोती वाला? ओकर त मोल नइखे।

एक बेर गाँव में बड़का मेला लागल। लाला छब्बू राम के मेले में एक ठो टोली आ गइल। टोली के मुखिया उर्फान खाँ, जेकरा बक-बक के कला में कोई बराबरी ना रहे। ऊ लोग अइसन सपना बेचलस कि गाँव के लोग लटपटाय गइल। मास्टर साहेब आ रामू मिस्त्री भी उ सपना में फँस गइलन। दुनियाँ में जेतना भी झूठ बा, उहे में तिलिस्म के रंग-रोगन कइके बेचल जा रहल बा। जेकरा के झूठ बोले में महारत हासिल बा, उहे बाजार में जीत रहल बा।

मेला खतम होत-होत ठग टोली गायब हो गइल। लोग फरियाद लेके लाला छब्बू राम के लगे गइल, बाकिर उ कहले, दुनियाँ में जे बोलेला, उहे मोल पावेला। बाकी सब खाली सपना बा। एही से अब लोग सोचे लागल कि साँच बोले वाला के का फायदा? झूठ बोले वाला के त लोग देवता बना लेले बा। लोग कहे, जदि तहरा लगे मिठास बा, त सब तोहरे मुँह में छाया बा।

आजकल त ई बाजार में साँच कहे वाला के जगहे नइखे। सब जगह पर उहे आदमी सराहल जात बा, जे झूठ के तिलिस्म में माहिर बा। रामू मिस्त्री आ सुभाष मास्टर दुनू मिल के कहले, ई दुनियाँ में साँच के खोज अब निरर्थक बा। ऊ साँच आ झूठ के फर्क घुल मिल गइल बा।

अब त अइसन जमाना आ गइल बा कि जेकरा पास झूठ बोले के कला नइखे, ऊ मैदान से बिना रन बनवलें बाहर हो रहल बा। ई बाजार में जदि राउर पास साँच बा, त उ बेचे लाला बाजार में जाके आपन सपना मत देखावा। ई बाजार में लोग उहे खरीदे ला, जेकरा में झूठ के तिलिस्म लपेटल बा।

रामू मिस्त्री आ सुभाष मास्टर अब निर्णय कइलन कि ई दुनियाँ में साँच के जगह नइखे। लोगन के सामने ऊ अब उहे ठग बन के आई, जेकरा के ऊ लोग आजतक देखत रहलन। आखिरकार, दुनियाँ में त उहे सफल बा, जे बक-बक के कला सिखा गइल बा।

ऊ दुनु मिल के एक दिन एगो बड़का कार्यक्रम कइलन, आ देखऽ--सफलता के सीढ़ी पर चढ़ गइलन। आजकल त उहे लोग सबसे सफल बा, जे रात-रात भर शब्दन के तिलिस्म रचके दुनियाँ के सबसे बड़का ठग बन गइल बा। रामू मिस्त्री आ सुभाष मास्टर अब दुनियाँ के नजर में ऊँच जगह पर बाड़न। लोग ओनकर नाम के गुनगान कर रहल बा। ई बाजार में सब कुछ बिकत बा, आ ओनकर घर बनल शब्दन के तिलिस्म से।

ई कहानी तहरा के सिखावे ला कि आज के जमाना में साँच के मोल नइखे। बस, शब्दन के तिलिस्म सिख, आ दुनियाँ के ठग बन जा। जदि तहरा पास बक-बक के कला बा, त सफलता के दरवाजा तहार आपन हो जाई। आखिर, ई बाजार में ऊहे आदमी सफल बा, जेकरा लगे झूठ के घर बनावे के कला बा।

साक्षरता दिवस 8 सितंबर

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

साक्षरता का हो रहा डिजिटलीकरण

साक्षर होने का सीधा-सीधा मतलब अक्षर ज्ञान से लगाया जाता है । देखा जाए तो साक्षरता की पारंपरिक परिभाषा आमतौर पर पढ़ने और लिखने की क्षमता से संदर्भित है । साक्षरता ऐसा कौशल मानी जाती है जिसे समय के साथ विकसित किया जा सकता है। नियमित अभ्यास ही साक्षरता के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दे सकता है । बुनियादी तौर पर अक्षरों और वाक्यों को पढ़ने , लिखने तथा जानने से कहीं अधिक जरूरी है कि , जो पढ़ा जा रहा हो उसे समझा जा सके । साथ ही संप्रेषण और विचार व्यक्त करने कि कला भी साक्षरता का अभिन्न अंग है । साक्षरता का विस्तृत अर्थ बहुत सी कलाओं के ज्ञान का भंडार माना जा सकता । देखा जाए तो साक्षरता के अनेक प्रकार हैं , किंतु वर्तमान सरकारों ने साक्षरता को अत्यंत ही सीमित दायरे में समेटकर इसे अपना नाम लिखने और हस्ताक्षर करने तक सीमित करके रख दिया है ! साक्षरता के विस्तार की में चर्चा करूं तो यह संख्यात्मक साक्षरता , डिजिटल साक्षरता , स्वास्थ्य साक्षरता , वित्तीय साक्षरता , मीडिया साक्षरता , सांस्कृतिक साक्षरता , भावनात्मक साक्षरता तथा शारीरिक साक्षरता तक अपना विस्तार प्रदर्शित करती दिखती है । वास्तव में साक्षरता इस दुनिया को समझने में हमारी मदद का एक बड़ा उपकरण मानी जानी चाहिए । सुबह उठने से लेकर रात में सोने तक हम अपने आस - पास की दुनिया को समझने का प्रयास ही कर रहे होते हैं । यह उसी स्थिति में संभव हो पाता है , जब हम साक्षरता की श्रेणी में खुद को खड़ा पाएं !

साक्षरता का अर्थ पारंपरिक रूप से पढ़ना और लिखना ही माना जाता है , जबकि ये दोनो साक्षरता के जरूरी घटक हैं । एक बच्चे के जन्म के साथ ही उसकी साक्षरता यात्रा शुरू हो जाती है । उसकी इस तरह की साक्षरता क्षमताएं उसके परिवार और समुदाय के माध्यम से पोषित होती रहती हैं । इसे हम बच्चे की मुस्कुराहट और रोने के साथ उसकी जरूरतों को समझने के रूप में अपने बीच पाते हैं । जब बच्चा अपना पहला शब्द बोलने की कोशिश करता है तब इसे ही उसकी साक्षरता का प्रारंभिक चरण मानना कतई गलत नहीं कहा जा सकता है। हम देखते हैं कि एक नन्हा बच्चा जिसे अक्षर ज्ञान अभी प्राप्त नहीं हुआ है , वह अपने आस - पास के प्रतीकों से बहुत कुछ सीख रहा होता है ! क्या इसे हम उसकी साक्षरता की संज्ञा नहीं दे सकते हैं ? माता - पिता , भाई - बहनों द्वारा उसे हंसाने के लिए की गई चेष्टा और बच्चे का हंसने के साथ उनका साथ देना साक्षरता क्यों नहीं मानी जा सकती है ? बच्चे के बड़े होने के साथ जब वह स्कूल जाने लगता है , तब पढ़ने और लिखने के कौशल पर ध्यान दिया जाने लगता है । हम इसे ही साक्षरता की प्रथम सीढ़ी मानते आ रहे हैं । कारण यह कि यह , वह पायदान है जब एक बच्चा प्रत्यक्ष रूप से अक्षर ज्ञान से जुड़ने लगता है । यही वह उम्र है जब उन्हें शब्दों , हश्यों और ग्राफिक्स का उपयोग करके प्रिंट और डिजिटल रूप में पाठ के कई अलग - अलग रूपों के साथ बातचीत करनी होती है । यहीं से बच्चा सीखना शुरू करता है । साक्षरता विकास , भाषा कला कक्षाओं में ही नहीं होता । हालांकि ज्ञान और कौशल मुख्य रूप से भाषा - कला में ही पढ़ाए जाते हैं , किंतु हर विषय क्षेत्र का शिक्षक साक्षरता को अधिक विकसित करने , मजबूत बनाने और उसे गति देने के लिए जिम्मेदार होता है । साक्षरता का विकास केवल स्कूलों में ही नहीं होता बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हर पहलू साक्षरता का नया पाठ लिखता रहता है । साक्षरता ही वह विशेष गुण है जो दुनिया के दरवाजों को खोलने का काम करती है । हम विभिन्न देशों के नक्शों को समझने का प्रयास करते हैं , विज्ञापन , अखबार , रेसिपी , मैनुअल और वेब - साइट पढ़ते हैं । हम मीडिया की बहुत सी जानकारियों का विश्लेषण करते हैं । हम कविताएं , गीत , रिपोर्ट , ब्लॉग और ई - मेल का उपयोग करते हैं । क्या यह साक्षरता नहीं है ? साक्षरता दस्तावेजों में शामिल मानी जाती है । अब वे दिन लद गए जब हमें किसी प्रकार की जानकारी के लिए पुस्तकालयों में पुस्तकों के ढेर के बीच जूझना पड़ता था ! अब डिजिटल साक्षरता का दौर है । हर दिन दुनिया में इंटरनेट , ऑन लाइन जानकारी एकत्र की जा रही हैं ।आत्मविश्वास से परिपूर्ण डिजिटल साक्षरता का आज सर्वाधिक उपयोग किया जा रहा है ! स्कूलों से लेकर कार्यबल तक डिजिटल साक्षरता जीवन के कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण हो चली है ! अब वह स्थिति आ चुकी है जब फार्म और आवेदन केवल ऑन लाइन ही उपलब्ध हो पा रहे हैं । यदि हम इस दुनिया से वाकिफ नहीं हैं तो हमें साक्षरता की श्रेणी से बाहर किया जा सकता है !



आज का विद्यार्थी विभिन्न तकनीकों के बीच युवा हो रहा है ! यह कहा जा सकता है कि अब शिक्षा में , डिजिटल साक्षरता आवश्यक उपकरण के रूप में इस्तेमाल को प्रमाणित कर रही है ! यही वह तकनीक है जो विद्यार्थियों के सीखने के अ

एक नजर

गांवों में 150 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम हुआ पूरा

सुकमा 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एचडीएफसी बैंक और आरोह फाउंडेशन द्वारा आज सुकमा जिले में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 15 चयनित गांवों में 150 सोलर स्ट्रीट लाइट्स को लगाने का काम पूर्ण किया गया । यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिरता और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के तहत स्थापित की गई सोलर स्ट्रीट लाइट्स से गांवों की रात की सुरक्षा और सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा। इन लाइट्स की मदद से अंधेरे में आवाजाही सुरक्षित होगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और जंगली जानवरों के खतरे में कमी आएगी। सोलर तकनीक का उपयोग ग्रामीणों को स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करेगा और सुबह 10:11 बिजली की निर्भरता को कम करेगा, साथ ही पर्यावरण।

15 सितंबर को 25 परीक्षा केंद्रों में होगी छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा

दंतेवाड़ा, 6 सितंबर। नियंत्रक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा 15 सितंबर 2024 को पूर्वान्ह 12 बजे से 02:15 बजे तक आयोजित की जायेगी। इस हेतु जिले में 25 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है जिसमें शासकीय दंतेश्वरी पीजी कॉलेज दंतेवाड़ा, शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या कॉलेज, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दंतेवाड़ा, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कारली, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पातरारास, शासकीय आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल बचेली, अरुणोदय पीएस स्कूल कारली, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल गीदम, सरस्वती शिशु मंदिर हायर स्कूल गीदम, स्वामी आत्मानंद षासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल कारली, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर हायर सेकेंडरी स्कूल जावंगा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जावंगा, आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा, एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज गीदम जावंगा, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल चितालूर, शासकीय हाई स्कूल बालूद, प्रकाश विद्यालय बचेली, शासकीय हायर स्कूल ओंवराभाटा, गायत्री विद्यापीठ स्कूल दंतेवाड़ा शामिल है।

राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक 13 सितंबर को होगी

दंतेवाड़ा, 6 सितंबर। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक दिनांक 13 सितंबर दिन शुक्रवार समय अपरान्ह 12 बजे से नवीन संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के डंकनी सभाकक्ष (तृतीय तल) में आयोजित की गई है। जिसमें समस्त अधिकारीगणों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गए है। इस संबंध में उन्हें सूचित भी किया गया है कि एजेण्डा अनुसार संपूर्ण जानकारी माह-अगस्त 2024 की स्थिति दिनांक 10 सितंबर तक राजस्व लेखा शाखा में जमा कराएं।

ग्राम व्यास कॉंगेरा में जनसमस्या निवारण शिविर में मौके पर 43 आवेदन निराकृत

उत्तर बस्तर कांकेर, 6 सितंबर। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज कांकेर विकासखण्ड के ग्राम व्यास कांगेरा में किया गया, जिसमें ग्रामीणों से विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 43 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में विधायक श्री आशाराम नेताम, कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर भी सम्मिलित होकर प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की जानकारी ली एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणजनों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करें। विधायक ने शिविर में देव कोठार में टीन शेड लगाने के लिए 3 लाख रूपए सहायता राशि देने की घोषणा की। शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक श्री नेताम ने कहा कि शासन की पहल से गांव-गांव में शिविर का आयोजन हो रहा है, जिससे गांव में ही ग्रामीणों की सभी प्रकार के समस्याओं का निराकरण हो। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और उनका लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने इस दौरान सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें लाभान्वित करें। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में लगातार शिविरों का आयोजन हो रहा है, ताकि ग्रामीणों की मांगों और शिकायतों पर विधि संगत और त्वरित निराकरण हो। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के लिए 28 हजार नए आवास की स्वीकृति मिली है, जिसका लाभ जरूरतमंदों को मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी समस्याओं को लेकर शिविर के अलावा जिला मुख्यालय के कार्यालयों में भी पहुंचकर अवगत कराएं, उनकी मांग एवं समस्याओं का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। ग्राम व्यासकोंगेरा में आयोजित शिविर में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा 13 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया गया। साथ 03 हितग्राहियों को शिविर स्थल में ही राशन कार्ड बनाकर प्रदाय किया गया। इस अवसर पर मत्स्य कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री भरत मटियारा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री रामचरण कोर्राम, श्री नरोत्तम पडोटी, श्री ईश्वर कावड़े, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

शारदीय नवरात्रि के बाद भी जारी रहेगा सशुल्क विशेष दर्शन

शारदीय नवरात्रि की तैयारियों के सिलसिले में टेंपल कमेटी की हुई बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 6 सितंबर। शक्तिपीठ दंतेश्वरी मंदिर में आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व के आयोजन के सिलसिले में मां दंतेश्वरी टेंपल एस्टेट कमेटी की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। एसडीएम व टेंपल कमेटी सचिव जयंत नाहटा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई इस बैठक में प्रधान पुजारी हरेंद्र नाथ जिया, विधायक चैतराम अटामी, दंतेवाड़ा जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, गीदम जनपद अध्यक्ष अंति वेक, दंतेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, तहसीलदार विनीत कुमार सिंह, सहायक पुजारी लोकेंद्रनाथ जिया, परमेश्वरनाथ, विजेंद्रनाथ जिया की मौजूदगी में यह बैठक हुई। बैठक में पिछले नवरात्रि पर्व के आय-व्यय की जानकारी देने के साथ ही आगामी पर्व की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई और लोगों

के सुझाव भी मांगे गए। पदयात्रियों के लिए बनाए जाने वाले सुविधा केंद्रों का संचालित करने और इसमें पड़ोसी जिलों से भी समन्वय स्थापित करने, पर्व के बाद भी आम दिनों में सशुल्क विशेष दर्शन की व्यवस्था जारी रखने का प्रस्ताव रखा गया। बस्तर दशहरा पर्व में रवाना होते वक्त मांईजी की डोली वाले काफिले को अनाश्यक ओवरटेकिंग की समस्या और जगदलपुर में जिया डेरा में प्रसाधन की समस्या के बारे में अवगत करवाया गया। इस पर विधायक चैतराम अटामी ने कमेटी की टीम गठित कर जगदलपुर में संबंधितों से चर्चा करने की बात कही। एसडीएम नाहटा ने माई दंतेश्वरी टेंपल एस्टेट की खाली पड़ी जमीनों पर काम्पलेक्स निर्माण व स्टैंड निर्माण करवाए जाने, टेंपल की जमीन पर वर्ष 2013 से बकाया शुल्क की वसूली और किराया की नई दरों के निर्धारण का प्रस्ताव रखा। उन्होंने दर्शनार्थियों के लिए नया धर्मशाला का निर्माण करवाए जाने, मंदिर की दान पेटियों में आए चांदी से सिक्के तैयार करवाने, मांईजी मंदिर परिसर में बने संग्रहालय में मूर्तियों की प्रदर्शनी, रोजाना आरती का लाइव प्रसारण मेंडका डोबरा मैदान का किराया बढ़ाने, डंकनी नदी के घाट पर रोजाना संध्या आरती शुरू करने के बारे में भी प्रस्ताव रखा। संध्या आरती के प्रस्ताव पर अंतिम सहमति नहीं बन सकी, जिसकी वजह से इसे अगली बैठक तक के लिए टाल दिया गया। बैठक में मुकुंद ठाकुर, बब्लू भवानी, आरएन साय, सुखराम ठाकुर, शिवचंद्र कतियार, वीरो मांझी, नंदलाल राठौर समेत विभिन्न मांझी-मुखिया, सेवादार, टेंपल कमेटी से जुड़े लोग, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

टोरा तेल से ज्योति कलश प्रज्वलित करने का सुझाव: बैठक में पत्रकार हेमंत कश्यप

ने ज्योति कश्यप प्रज्वलित करने में टोरा तेल के उपयोग का सुझाव रखते कहा कि इससे बस्तर के पारंपरिक टोरा तेल के उपयोग को बढ़ावा तो मिलेगा ही, लोगों को रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। वरिष्ठ पत्रकार विनोद सिंह ने बस्तर दशहरा पर्व व नवरात्रि के तुरंत बाद इसकी समीक्षा के लिए होने वाली बैठक को जारी रखने के सुझाव दिया। मांईजी का दरबार के नाम से कुछ साल पहले यह नई पहल की गई थी, जो पिछले वर्ष आयोजित नहीं हो सकी थी। पत्रकार शैलेन्द्र ठाकुर व संतोष चौहान ने पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए कारली से गीदम के बीच अस्थाई डिवाइडर की व्यवस्था करने, हरेक 500 मीटर पर चलित बायोटायलेट लगवाने, डंकनी नदी के स्नान घाट के किनारे पर्याप्त संख्या में बायोटॉयलेट की व्यवस्था करने, पर्व के दौरान मंदिर परिसर व आस-पास की सुरक्षा व्यवस्था में बाहर की फोर्स की जगह स्थानीय पुलिस की ही तैनाती करने का सुझाव दिया। बीते साल सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार की काफी शिकायतें मिली थीं।

नारी के सौभाग्य की रक्षा करता है तीजा व्रत

■ सुहागिने मांगेंगी अपने सुहाग की सलामती की दुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 6 सितंबर। आज सुहागिन महिलाओं का महत्वपूर्ण त्यौहार तीज है। इस पर्व को हरितालिका व्रत के नाम से भी जाना जाता है। अन्य प्रदेशों की तरह छत्तीसगढ़ में भी तीज पर्व धुमधाम से मनाया जाता है। तीजा भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को होता है। महिलाओं के लिये हरतालिका तीज का विशेष महत्व है। तीजा व्रत नारी के सौभाग्य की रक्षा करता है। सुहागिनें इस दिन निर्जला व्रत रखकर अपने पति के दीर्घायु जीवन की कामना करती हैं। सिर्फ सुहागिनें ही नहीं कुंवारी लड़कियां भी तीज पर मनचाहा वर प्राप्ति के लिये व्रत रखती हैं। आज के दिन महिलाएं भगवान शंकर व गौरी माता की विशेष आराधना करती है। बिना अन्न जल ग्रहण किये परिवार की खुशहाली को लेकर किया जाने वाला यह व्रत किसी तप से कम नहीं होता। नव विवाहितायें तीज के व्रत को लेकर ससुराल से माइके भी जाती है, वहीं कई नई दुल्हनें अपने पति व नये परिवार के बीच ही पूजन

पाठ विधिवत करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सुहाग की पिटारी में सुहाग की सारी वस्तुऐं रखकर पार्वती माता को चढ़ाने का विधान इस व्रत का प्रमुख उद्देश्य है। सुहागिन महिलाएं नदी तट पर बालू से शिव पार्वती के प्रतीकों की स्थापना करती है। चौबिस घण्टे का निर्जला उपवास रखकर एक जगह पर सामूहिक रूप से एकसत्र होकर शिव पार्वती की पूजा अर्चना करती हैं। पूजन स्थल पर दोने में अंकुरित गेहूं अथवा धान के पौधे जिन्हें भोजली कहा जाता है रखे जाते हैं। पूरी रात जागरण कर शिव पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। चतुर्थी की सुबह पुनः पूजा अर्चना के पश्चात बाली गौरी का विसर्जन नदी में कर दिया जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से सुहागिन स्त्रियों को शिव-पार्वती अखंड सौभाग्य का वरदान देते हैं।

तीज पर मांईजी को चढ़ाई गई साड़ी-तीज के अवसर पर आज मांईजी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना हुई। परंपरानुसार श्रृंगार सामग्री व नई साड़ी मांईजी को चढ़ाई गई। प्रधानपुजारी हरेंद्रनाथ जिया ने बताया कि बस्तर की आराध्य देवी होने से मांईजी के प्रति विशेष आस्था और श्रद्धा लोगों में है। प्रत्येक तीज त्यौहार के मौके पर मंदिर में विशेष पूजा होती है। प्रतिवर्ष तीज पर टेम्पल कमेटी की ओर से मांईजी को साड़ी चढ़ाई जाती है। दर्शन के लिए आने वाले अधिकांश श्रद्धालु श्रद्धा से मांईजी को आज के दिन साड़ी व श्रृंगार सामग्री आदि चढ़ाते हैं।

सुहागिनें सुबह से जुटी रही खरीददारी में - पति की दीर्घायु और सुख समृद्धि के लिए पहचाना जाने वाला महिलाओं का प्रमुख पर्व हरितालिका के पूर्व बाजारों में श्रृंगार की सामग्री खरीदने महिलाओं की खासी भीड़ जुटी रही। श्रृंगार वस्तुओं के साथ ही साड़ियों व ज्वेलरी की खरीददारी में सुहागिनें व्यस्त दिखी। तीज पर्व पर श्रृंगार सामग्री का खास महत्व है। नगर के अधिकांश फैंसी स्टोर्स में श्रृंगार सामग्रियों की अच्छी खासी बिक्री हुई। पर्व के दो दिन पूर्व ही बाजारों में रौनक काफी बढ़ चुकी थी। चुड़ी, कंगन, सिंदूर, मेहंदी, नेलपालिश, की बिक्री के साथ ही साडियों व ज्वेलरी दुकानों में भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई।

मायके में उपवास की परंपरा- तीज पर्व पर विवाहित महिलायें मायके आकर उपवास रखती हैं यह परंपरा शुरू से चली आ रही है। तीज पर्व पर पिता या भाई ससुराल से अपनी बहन बेटियों को लेकर आते हैं। पहली वर्ष की शादी के बाद तीजा पहली होती है यह और खास हो जाती है इसके लिए मायके से नई साड़ी भी उपहार स्वरूप दी जाती है। अगर दुल्हन अपने मायके से काफी दूर है तो ऐसी स्थिति में मायके से उसके लिए सुहाग की सारी सामग्री लेकर दुल्हन के ससुराल जाते हैं और उसे उपहार स्वरूप भेंट करते हैं।

जिले के 34 स्कूलों में संपूर्णता अभियान के तहत विद्यार्थियों को कराया न्यौता भोज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 6 सितंबर। जिले में राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित न्यौता भोजन कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में संपूर्णता अभियान के तहत् आकांक्षी जिला अंतर्गत संचालित 34 स्कूलों में न्यौता भोजन कराया गया। न्यौता भोजन कार्यक्रम के तहत बच्चों को खीर, पूड़ी व अन्य व्यंजन परोसे गए। कार्यक्रम भारत सरकार नीति आयोग के साथ राज्य शासन की भी अति महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों में से एक है। जिसके तहत् सामुदायिक आधार पर अतिथि भोजन का प्रावधान किया गया है। इस पहल पर आयोजित अतिथि भोजन में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में शासन द्वारा इसे न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है। न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों एवं त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। न्यौता भोज पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। यह शाला और स्थानीय समुदाय के मध्य आपसी तालमेल के विकास में सहायक होगा। वहीं पूरक पोषण के माध्यम से न्योता भोजन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को और मजबूत करने में मदद करेगा।

शिक्षक किताबी ज्ञान के साथ जीवन जीने की नई राह दिखाते हैं: विधायक

उत्तर बस्तर कांकेर,6 सितंबर। शिक्षक दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में हुआ, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिले के 38 शिक्षकों सहित सेवानिवृत्त शिक्षकों का शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम ने पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण कर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते कहा कि शिक्षक न केवल किताबी ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन जीने के लिए नई राह भी दिखाते हैं। वे अनुशासन के साथ अच्छे संस्कार देते हैं और सभी को समान रूप से शिक्षा एवं मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। गुरुजनों के मार्गदर्शन के बिना जीवन अंधकारमय होता है।

साक्षरता सप्ताह में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिलाई उल्लास शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 6 सितंबर। कलेक्टर श्री एस. हरिस एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अवसर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को जिले में साक्षरता का वातावरण निर्माण करने सुकमा जेल में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत उल्लास साक्षरता केन्द्र की स्थापना की गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी ने बताया कि सुकमा जेल में 75 से अधिक ऐसे निरक्षर है जो कि शिक्षा के मुख्यधारा से वंचित है जिसके कारण उनको अनेक

समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसका चिन्हांकन कर उल्लास नव भारत भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत पंजीकृत कर उल्लास प्रवेशिका एवं स्वयंसेवी शिक्षक हेतु मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री गीतेश गीतेश कुमार कौशिक, किशोर न्याय बोर्ड के मजिस्ट्रेट श्री अविनाश दुंबे, अधिवक्ता श्री कैलाश जैन सुकमा जेल के अधीक्षक श्री राजेश बिसेन, जिला परियोजना अधिकारी श्री एसएस चौहान नोडल अधिकारी अगस्टिन कुमार राम , रिसोर्स पर्सन पुरन नवरत्न एवं राजेश सोनकर साक्षरता प्रभारी गजेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

ट्रायसाइकिल व व्हील चेयर पाकर गदगद हुए दिव्यांग चमरा व छोटू

पांच दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 6 सितंबर। कलेक्टर दंतेवाड़ा के निर्देशानुसार गुरूवार को जिले के अलग अलग जनपदों के 5 दिव्यांगजनों को उनके आवश्यकतानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण वितरित किया गया। उपकरण पाकर दिव्यांगजन बेहद खुश हुए और कहा कि आज से उनका नया जीवन शुरू हुआ है और इसके लिए दिव्यांगजनों ने गांव से लेकर समाज कल्याण विभाग तक पहुंचाने के लिए जोडाताराई पंचायत के सुखराम नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष गीदम अंती वेक तथा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मालती मूडामी के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते उनके प्रति आभार जताया है। गुरूवार

को जिन 5 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण मिला है उनके नाम क्रमशः चमरा लेकामी, छोटूराम लेकामी, बीजाराम जोडातराई निवासी हैं तो वहीं सुखलाल कश्यप मैलावाड़ा निवासी एवं उत्कर्ष राज दंतेवाड़ा के निवासी शामिल हैं। इनमें चमरा, छोटू नामक दिव्यांगजनों को जनपद अध्यक्ष अंती वेक ने समाज कल्याण विभाग आई थी। अंती वेक ने बताया कि वे जब भी वहां से गुजरती थी तो ये दोनों दिव्यांग सड़कों पर बैठे मदद मांगते उन्हें दिखाई पडते थे इसलिए वे इन्हें उपकरण दिलवाने की मदद का प्रण लिया एवं गुरूवार को समय निकालकर दोनो दिव्यांगजनों को किसी तरह लेकर दंतेवाडा कलेक्ट्रेट स्थित समाज कल्याण के दफतर पहुंची और विभाग के उप संचालक संतोष टोप्पो से दिव्यांगों को मिलवाया जिसके बाद श्री टोप्पो ने दिव्यांगजनों को आवश्यकतानुसार ट्रायसिकिल, व्हील चेयर एवं एक को एल्बो क्रच वितरित किया। सहायक उपकरण पाकर मानों इन दिव्यांगजनों की प्रसन्नता का ठिकाना न रहा। दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे वे बेहद खुश हुए और इसके लिए प्रशासन एवं साथ लेकर आए जनप्रतिनधियों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

समाचार संक्षेप

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने विधानसभा के चारों ब्लाक में जाकर मनाया शिक्षक दिवस

जगदलपुर 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । चित्रकोट विधानसभा के चारों ब्लॉकों दरभा, तोकापाल, बास्तानार, लोहण्डीगुड़ा में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल जी ने विशेष रूप से भाग लिया। हर ब्लॉक में उन्होंने शिक्षकों का सम्मान किया और उनके योगदान की सराहना की। श्री गोयल जी ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं और उनकी मेहनत से विद्यार्थियों का भविष्य संवरता है। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल दिया और विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया। इन कार्यक्रमों में स्थानीय कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। विधायक जी ने शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को सराहते हुए उन्हें सम्मानित किया और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की प्रशंसा की।

चेम्बर में परिवारवाद:लुंकड़

जगदलपुर, 6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स के हाल ही में संपन्न चुनाव में प्रत्याशी रहे अशोक लुंकड़ ने कहा है कि बस्तर के विकास के लिए चेम्बर ने कभी आवाज नहीं उठाई। व्यापारी हितों की भी बात नहीं की। बस्तर की लाइफ लाइन केसकाल घाटी की हालत को लेकर आवाज बुलंद नहीं किया गया। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पहल तक चेम्बर ने नहीं की। 23 वर्षों से चेम्बर में परिवारवाद चल रहा है। लुंकड़ ने कहा कि अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने मुझे नियम कानून बताए गए। विमल बोथरा से 13 वोटों से हारे लुंकड़ ने कहा कि मेरा व्यापारी हित में संघर्ष जारी रहेगा। वे बस्तर चेम्बर की आवाज बनेंगे। संजय बाजार में व्यापारियों के लिए न तो पेयजल की व्यवस्था है और न ही शौचालय है। चेम्बर ने नए सदस्यों के रूप में व्यापारियों को जोड़ने की भी कोशिश नहीं की गई। चेम्बर में अनियमितता की बात उठाई गई तो चेम्बर से बाहर कर दिया गया। चेम्बर का काला कानून बदलना मेरा उद्देश्य है।

शिक्षक बच्चों को ज्ञान देने के साथ संस्कारवान भी बनाते हैं:अटामी

दंतेवाड़ा, 6 सितंबर। गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्मा, तस्मै श्री गुरुवे नमः अर्थात गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है और गुरु ही शिव है। गुरु ही साक्षात परब्रह्मा है। ऐसे गुरु को मैं प्रणाम करता हूं। प्राचीन शास्त्रों में वर्णित इस उक्ति का महत्व आज भी प्रासंगिक हैं, इस क्रम में आज जिला पंचायत के सभा कक्ष में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी ने शिक्षक दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्ण के जन्म दिवस के अवसर पर ही पूरे भारतवर्ष में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक शिक्षाविद होने के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी बहुत अहम भूमिका रही है। आज हमने जो भी उपलब्धि हासिल किया है वह एक शिक्षक के ही बदौलत ही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है अगर समाज को सही दिशा में ले जाने और सही मार्ग दिखाने का अगर कोई कार्य करता है वह एक शिक्षक ही है। शिक्षा के जरिये ही देश और समाज का विकास की ओर उन्मुख किया जा सकता है। इस दिशा में शिक्षकों की अहम भूमिका है, जो बच्चों को ज्ञान देने के साथ ही उन्हें संस्कारवान बनाते हैं। इस पिछड़े अंचल के हर गांव के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिये शिक्षकों के साथ ही हम सभी को सहभागिता निभाना होगा। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित समस्त शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

"जैविक कृषक खेत पाठशाला" से जिले के किसान सीख रहे जैविक खेती के नए वैज्ञानिक तरीके

दंतेवाड़ा, 6 सितंबर । जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषि विभाग, निर्माण एनजीओ, भूमगादी एवं अन्य समन्वित विभागों के द्वारा जिले के चारो विकासखंड के 220 ग्रामों में ''जैविक कृषक खेत पाठशाला'' प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इस ''कृषक खेत पाठशाला'' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस प्रशिक्षण में किसानों को कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं होती बल्कि उनके ही गांव में जो किसान भाई बहुत अच्छे से भी विधि या अन्य तकनीक से उन्नत जैविक खेती कर रहे हैं उनके खेतों में ही इस पाठशाला प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी कृषक मित्र, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, जैविक कृषि विशेषज्ञ, प्रगतिशील कृषक, जैविक कार्यकर्ता, कृषि सखी, पशु सखी भाग ले रहे है। ''कृषक खेत पाठशाला'' का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है पहले पहले चरण में बुवाई रोपाई तथा निंदाई के समय खेती में विशेष सावधानियां बरतने के बारे में कृषकों को जानकारी दी जाती है। फिर उन्हें जैविक खाद, जैविक दवा के बनाने तथा उसके उपयोग के बारे में प्रायोगिक जानकारी से अवगत कराया जाता है।

एक नजर

सर्पदंश के मामलों में विशेष रूप से सर्तक रहें लोगः सीएमएचओ

रायगढ़, 6 सितम्बर। सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बरसात के मौसम में सर्पदंश के प्रकरण अधिकांश पाये जाते है जिसमें सर्पदंश को लेकर अक्सर लोग जड़ी बूटी या झाड़ फूंक में ज्यादा यकीन रखते है और ऐलोपैथिक इलाज करने से कतराते है जिससे समय पर उचित इलाज न मिलने से जीवित रहने की उम्मीद कम हो जाती है। सर्वाधिक मामले विकासखंड लैलूंगा और धरमजयगढ़ में आते हैं और यहां के लोग ज्यादातर झाड़फूंक के चक्कर में समय व्यतीत करते है। इसे ध्यान में रखते हुए समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त चिकित्सको को सर्पदंश के इलाज हेतु एन्टी स्नेक वेनम एवं अन्य जरूरी संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिये है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिन के माध्यम से विकासखंड में प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। सर्पदंश के मामलों में विशेष सर्तकता रखते हुए यदि किसी व्यक्ति को सर्पदंश हुआ है तुरंत ही स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु जाए, देर होने पर शरीर में जहर फैलने लग जाता है जिससे गंभीर स्थिति निर्मित होती है। साथ ही झाड़-फूंक में समय व्यतीत न करें और समय रहते अपना इलाज कराकर जीवन बचायें।

छत्तीसगढ़ रोजगार एप से रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण की मिलेगी सुविधा

रायगढ़, 6 सितम्बर। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग.रायपुर के आदेशानुसार प्रदेश के युवाओं के हित में छत्तीसगढ़ रोजगार एप विकसित किया गया है। एप का उद्देश्य युवाओं को त्वरित रोजगार सहायता उपलब्ध कराना है। जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ रोजगार एप गूगल प्ले स्टोर एवं विभागीय वेबसाईट द्धह्लड्डश्चह्य=//द्दह्म्द्धद्बह्लड्ड.ष्द.द्दश1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। छत्तीसगढ़ रोजगार एप में कभी भी कहीं से भी रोजगार सहायता हेतु पंजीयन एवं पूर्व पंजीयन के नवीनीकरण की सुविधा उपलब्ध है। सत्यापन आधार नंबर आधारित ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। रोजगार एप से आवेदकों को भौतिक सत्यापन हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आने की आवश्यकता नहीं है। आवेदक के पंजीयन पत्रक (एक्स-10)डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध है। विभिन्न प्रकार की रिक्तियों की अद्यतन सूचना एवं जानकारी की उपलब्धता एवं रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प की विस्तृत जानकारी की उपलब्धता है। एप डाउनलोड करने के लिए क्यू आर कोड एवं टोल फ्री नंबर 1800-233-2203 में संपर्क कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

एससीव्हीटी, हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त परीक्षा 18 से 26 सितम्बर तक

रायगढ़, 6 सितम्बर। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग.रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी), हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त परीक्षा 2024 हेतु समय-सारिणी जारी कर दी गई है। एससीव्हीटी प्रवेशित सत्र अगस्त 2022 द्विवर्षीय व्यवसाय के नियमित प्रशिक्षणार्थी एवं पूरक पात्र प्रशिक्षणार्थी जिनके प्रयास शेष है, उक्त परीक्षा में सम्मिलित होंगे। एससीव्हीटी, हायर सेकेण्डरी एवं आईटीआई की संयुक्त परीक्षा 18 सितम्बर से 26 सितम्बर 2024 तक संपन्न होगी। परीक्षार्थी परीक्षा फार्म 9 सितम्बर 2024 तक निर्धारित समय में भरकर संस्था में जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

चक्रधर समारोह में इस बार विभिन्न नृत्य विधाओं की मोहक प्रस्तुति

रायगढ़, 6 सितम्बर। रायगढ़ का प्रसिद्ध चक्रधर समारोह का मंच इस बार देशभर के विभिन्न नृत्य विधाओं को समाहित कर थिरकेगा, वही वाद्य यंत्रों की मधुर संगीत से वातावरण गुंजायमान होगा। साथ ही विभिन्न लोक कला और नृत्य अपने प्रदेशिक संस्कृति की छटा बिखरेती नजर आएगी। 39 वे चक्रधर समारोह में भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, मणिपुरी नृत्य के साथ-साथ असमिया सत्रीया नृत्य, ओडिशी, मणिपुरी नृत्य विधाओं की मनमोहक प्रस्तुति होगी। जिसमें भरतनाट्यम् में नृत्यांगना पद्मश्री सुश्री हेमा मालिनी, पद्मश्री देवयानी और मीनाक्षी शेषाद्रि विशेष आकर्षण के साथ मंच को सुशोभित करेंगी। वही भूपेंद्र बरेठ, श्रीमती पूर्णाश्री राउत, सुश्री दीपान्विता सरकार, पदम् श्री रंजना गौहर, सुश्री जया दीवान, सुश्री धरित्री सिंह चौहान, श्री शैंकी सिंह, श्री गजेंद्र पंडा, सुश्री आर्या नंदे, सुश्री नित्या खत्री, श्रीमती बासंती वैष्णव एवं ज्योतिश्री बोहिरदार, सुश्री सौम्या नामदेव, सुश्री विधि सेन गुप्ता, सुश्री दीपमाला सिंह, उपासना भास्कर, शुश्री दीक्षा घोष, सुश्री अवंतिका विश्वकर्मा, डॉ आरती सिंह, डॉ.जी रथीस बाबू, सुश्री शार्वी केशरवानी, सुश्री अ पद्मश्री देवयानी, सुश्री वेदिका शरण, सुश्री माया कुलश्रेष्ठ अपनी नृत्य प्रस्तुति देंगे। जिनके नृत्य से पूरा चक्रधर समारोह का मंच विभिन्न विधाओं से थिरकता नजर आएगा।

शिक्षक दिवस पर पोटा केबिन में पांच संकुल के शिक्षकों का सम्मान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 6 सितंबर । सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार के निर्देशन में गांव की कहानी पंचायत की जुबानी कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य रुप से कार्यक्रम ग्राम पंचायत गंगालूर, संगमपल्ली, धनोरा, गुदमा, मुरकीनार, उसूर, बासागुड़ा आदि पंचायतों में सम्पन्न हुआ।

ग्राम पंचायत गंगालूर के कन्या पोटाकेबिन में पांच संकुल के शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पा राव तथा जनप्रतिनिधि सरपंच श्री राजू कलमू , भूतपूर्व जनपद सदस्य बुधराम राम हेमला उपसरपंच लच्छू हेमला, तथा उपस्थित वरिष्ठ ग्रामवासी द्वारा किया गया।शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों के द्वारा गीत,संगीत प्रस्तुत किए गए। जनप्रतिनिधि के माध्यम से शिक्षकों को सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत के लोगों के द्वारा बच्चों को कहानियों के माध्यम से शिक्षा के स्तर में हुए सुधार, ग्राम पंचायत के इतिहास आदि के बारे में बच्चों को गोंडी भाषा में अवगत कराया गया।यह कार्यक्रम जिले के अलग अलग पंचायतों में अलग अलग जनपद पंचायत के अधिकारियों के उपस्थिति में आयोजित हुआ।जनपद पंचायत बीजापुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी गीत कुमार सिन्हा, जनपद पंचायत भोपलपटनम दिलीप उइके, ए पी सी मोहम्मद जाकिर खान, ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधि, गांधी फेलो निहाल कुमार मिश्रा, शिप्रा पाण्डे, स्नेहा लवनकर; मांशु शुक्ला, अरुण कुमार प्रोग्राम लीडर पीरामल फाउण्डेशन तथा सीएससी रमन झा, नवल यादव रुपसाय सोने कमल सिंह यादव सुनील कुमार झाड़ी, गणमान्य नागरिक एवं सभी संस्था के संस्था प्रमुख शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित बच्चों के बीच यह शिक्षक दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

शिक्षक दिवस पर जेएसएस प्रशिक्षकों का सम्मान

बीजापुर,6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जन शिक्षण संस्थान बीजापुर के कार्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय संस्थान द्वारा प्रशिक्षकों का सम्मान करने के साथ-साथ प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करना था।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं प्रशिक्षकों के परिचय से हुई तथा उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया, इस दौरान वक्ता श्री नागेश दुर्गम ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा भारत में शिक्षक एवं विद्यार्थी के बीच संबंध तथा सीखने-सिखाने के कालखंड, परम्पराओं, बदलते मूल्यों के बारे में जानकारी दी।इसके पश्चात श्री अभिषेक अवस्थी (निदेशक, जन शिक्षण संस्थान) ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रशिक्षकों को नई तकनीक अपनाकर अपने कौशल को निखारने की दिशा में काम करना चाहिए, साथ ही बाजार के अनुसार डिजाइन एवं तकनीक को समझना भी बहुत जरूरी है, तभी हम अपना काम दूसरों से बेहतर कर सकते हैं तथा प्रशिक्षुओं में नवाचार को बढ़ावा दे सकते हैं।तत्पश्चात संस्था प्रमुख ने प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह के रूप में एक-एक पौधा देकर सम्मानित किया तथा उपस्थित सभी स्रोत व्यक्तियों को उपहार भी दिए।उक्त कार्यक्रम में जेएसएस निदेशक अभिषेक अवस्थी, कार्यक्रम अधिकारी रवि कुमार, मोहन चौहान, योगेश ठाकुर, नागेश दुर्गम, नागेश कुमार, जयपाल तथा प्रशिक्षक रुकसाना बेगम, अभिलाषा चौहान सहित 45 प्रतिभागी उपस्थित थे।

पुलिस ने चावल,महुआ,चना टोरा का अवैध परिवहन करने पर की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 6 सितंबर । बीजापुर जिले के थाना पामेड़ में 19 तारीख को पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए शशिकला ट्रेडर्स, आवापल्ली को अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे चावल, चना, महुआ व टोरा को थाना पामेड़ द्वारा बरामद किया गया। बरामद सामग्री में चावलः- 50 बोरियां, प्रत्येक में 50 किलोग्राम चनाः- 20 बोरियां, प्रत्येक में 50 किलोग्राम महुआः- 100 बोरियां, प्रत्येक में 40 किलोग्राम टोरा 50 बोरियां, प्रत्येक में 40 किलोग्राम बरामद सामग्री शामिल था शशिकला ट्रैडर्स के वाहन चालक कृष्णा अनमुल निवासी केर्सईगुड़ा थाना महेड के कब्जे से चावल,चना और महुआ,टोरा जब्त कर पूछताछ पर वाहन चालक ने बताया कि उक्त सामग्री को चेरला ले जाना था और वाहन शशिकला ट्रेडर्स, आवापल्ली का है। अब आखिरी शशिकला ट्रैडर्स का मालिक कौन है जानकर बड़ी हैरानी होगी। शशिकला ट्रैडर्स के वाहन मालिक कोई और नहीं बल्कि नागराज पंतेंगी जो वर्षों पोटाकेबिन में अधीक्षक रह चुके हैं जब भाजपा के कार्यकाल में रमनसिंह मुख्यमंत्री थे। वही चावल तस्कर नागराज अब मंडल संयोजक बन बैठे हैं। लेकिन मालिक नागराज अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा था कि मौके पर उपरोक्त सामग्री के परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज न मिलने से थाना प्रभारी पामेड़ द्वारा धारा 106 भारतीय नागरीक सुरक्षा संहिता (ब्रह्महः) के तहत वैधानिक कार्यवाही कर विस्तृत जांच की जा रही है। पृथक से धारा 106 ब्रह्महः के तहत इश्तगासा तैयार कर जप्त किया गया है ।जाँच पश्चात आगे की कार्यवाही की जायेगी ।

अचानक हुई बारिश एवं आकाशीय बिजली गिरने से एरिया डॉमिनेशन पर निकले केरिपु बस्तर बटालियन का जवान हुआ शहीद

बीजापुर,6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 05/09/2024 को प्रातः केरिपु 85वी वाहिनी का बल कांवड़गांव कैम्प से एरिया डॉमिनेशन पर निकली थीएरिया डॉमिनेशन के दौरान अचानक हुए तेज बारिश से साथ आकाशीय बिजली के चपेट में आने से केरिपु बस्तर बटालियन में पदस्थ जवान कमलेश हेमला

पिता स्व0 मासा राम हेमला उम्र 23 साल बेहोश हो गये। जवान को उपचार हेतु बीजापुर लाते समय जवान की शहादत हुई। शहीद जवान थाना बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम संतोषपुर का निवासी है एवं वर्तमान में 85 वी वाहिनी केरिपु कैंप कांवड़गांव में पदस्थ था । थाना बीजापुर में मर्ग पंजीबद्ध कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं क्षेत्रीय दलों की बैठक

बीजापुर,6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता दिनांक 01 सितम्बर 2025 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं क्षेत्रीय दलों की 05 सितम्बर 2024 को शाम 4 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में जिला सभागृह में सम्पन्न हुआ जिसमें कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। पुनरीक्षण से पूर्व प्री रिविजन की गतिविधियों से अवगत कराया गया। जिसके अन्तर्गत बीएलओ द्वारा डोर टू डोर सर्वे कार्य किया जा रहा है। बीएलओ के द्वारा प्रत्येक मतदाता की प्रविष्टी में यदि त्रुटि हो तो सुधार का कार्य नऐ मतदाताओं जोड़ने एवं मृत्य/शिफ्ट किये गऐ मतदाताओं के विलोपन का कार्य किया जाएगा। साथ ही बीएलओ को प्रदाय डीएसई की चेकलिस्ट का सत्यापन कार्य बीएलओ द्वारा किया जाएगा।दलों को सम्पूर्ण कार्यक्रम की महत्वपूर्ण तिथियों को विशेष अभियान दिवस 09, 10, 16 एवं 17 नवम्बर 2024 रविवार एवं शनिवार की जानकारी दी गयी।प्रारंभिक प्रकाशन से पूर्व मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण प्रस्तावित है। जिस हेतु प्रस्ताव एईआरओ एवं बीएलओ से मंगाये गये हैं। राजनैतिक दल चाहे तो इस संबंध में सुझाव/प्रस्ताव लिखित रूप में दे सकते हैं। युक्तियुक्तकरण हेतु प्राप्त प्रस्तावों को दलों के समक्ष समीक्षा हेतु आगामी बैठक में रखा जाएगा। मतदान सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को होगी। दावाआपत्ति 29 अक्टूबर 2024 से 29 नवम्बर 2024 तक प्राप्त की जावेगी दावाआपत्तियों का निराकरण 24 दिसम्बर 2024 तक किया जायेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इन्द्रावती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में आने वाले ग्रामीणों की विस्थापन तिथि में संशोधन

बीजापुर,6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। इन्द्रावती टायगर रिजर्व के कोर क्षेत्र के अंतर्गत 76 ग्राम आते है जिसमें से प्रथम चरण में 21 ग्रामों को चयन किया गया है। उक्त 21 ग्रामों के स्वेच्छापूर्वक विस्थापित चाहने वाले परिवारों को शासन के विस्थापन योजना का लाभ पहुंचाने एवं बाघ प्रबंधन की संरक्षण व संवर्धन हेतु ग्रामवार सर्वे करने एवं ग्रामवासी को आवेदन प्रस्तुत करने हेतु तिथि 23 अगस्त 2024 तय किया गया था तथा तिथि को संशोधित कर 01 सितम्बर 2025 तक किया गया है। उक्त तिथि 01 सितम्बर 2025 तक व्यस्क व्यक्ति जिसका आयु 18 वर्ष पूर्ण हो निर्धारण करने हेतु तय किया गया है। उक्त ग्राम में रहने वाले ग्रामवासी अपने स्वेच्छानुसार विस्थापन नहीं होते हैं तो शासन को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी।

अल्पसंख्यक समुदाय कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बीजापुर,6 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के अध्यक्षता में त्रैमासिक बैठक आयोजित कर आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन रायपुर तथा सचिव छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग रायपुर को उपलब्ध कराने एवं अल्पसंख्यक समुदाय कार्यों के सफल क्रियान्वयन समन्वय निगरानी हेतु श्री आनंद सिंह सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्वर्ण जयंती पर खरीफ फसलों पर कार्यशाला आयोजित

रायगढ़, 6 सितम्बर। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अंतर्गत कार्यरत कृषि विज्ञान केन्द्रों के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ.गिरीश चंदेल के निर्देशानुसार एवं निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ.एस.एस.टुटेजा के मार्गदर्शन में पूरे छत्तीसगढ़ के कृषि विज्ञान केन्द्रों में स्वर्ण जयंती मशाल यात्रा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस स्वर्ण जयंती यात्रा के पड़ाव में कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में डॉ.बी.एस.राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के द्वारा कार्यक्रम की भूमिका एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की किसानों एवं अधिकारियों के बीच तकनीकी जानकारी के आदान प्रदान एवं आर्थिक उन्नति में महत्ता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि डॉ.ए.के.सिंह अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रायगढ़ द्वारा बताया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों को तकनीकी ज्ञान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करता है। डॉ.एस.के.उपाध्याय प्रमुख के.वि.के.कोरबा ने कृषकों व अधिकारियों के परस्पर सहयोग व ज्ञान से देश को आर्थिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। श्री डी.आर.खरां प्रभारी सहायक संचालक उद्यानिकी ने कृषि विज्ञान केन्द्र की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताया गया। डॉ.के.के.पैकरा द्वारा किसानों व कृषि विस्तार अधिकारियों को खरीफ फसल उत्पादन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ.सविता आदित्य द्वारा धान के फसल में लगने वाले कीड़ों व बीमारियों के पहचान व बचाव के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। डॉ.के.एल.पटेल द्वारा उद्यानिकी सब्जियों जैसे मिर्च एवं टमाटर की उन्नत तकनीकी उत्पादन के संबंध में जानकारी दिया गया।

नाहरीवाल परिवार की निकली शोभायात्रा, जगह जगह महाराज जी का किया गया भव्य स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया,6 सितंबर। पितृमोक्षार्थ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन नाहरीवाल परिवार खरसिया, रायपुर, नावापारा, बिर्रा द्वारा आयोजित की जा रहा है, जिसमे कथा वाचक श्री श्याम सुंदर पाराशर जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के श्रीमुख से भागवत की बयार बह रही है। यह कथा आज 5 सितंबर को आरंभ हुई और 11 सितंबर तक अजित सिंह नगर में चलेगी । कल गुरुवार को रामजानकी मंदिर गंज बाजार से सुबह भव्य शोभायात्रा निकली ये शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुँची इस्कान मंदिर से आये हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप ने सबका मन मोह लिया सैकड़ो की संख्या में नाहरीवाल परिवार के सदस्य इनके रिश्तेदार नगरवासी शामिल रहे।श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास पाराशर महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का महात्मा का वर्णन करते हुए कहा कि जब तक किसी व्यक्ति की महिमा का ज्ञान नहीं तब तक उसे व्यक्ति के प्रति हमारी श्रद्धा नहीं होती जब उसे व्यक्ति की महिमा का या पद का ज्ञान हमें होता है तभी हम उसे व्यक्ति का आदर करते हैं उसी प्रकार किसी भी ग्रंथ में श्रद्धा करने के लिए उसकी महिमा का ज्ञान होना चाहिए इसीलिए प्रथम दिन भागवत का महात्मा श्रवण कराया जाता है इसी क्रम में वर्णन करते हुए पूज्य महाराज जी ने कहा श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से कितना भी पतित पापी क्यों ना हो उसका कल्याण हो जाता है यदि जीते जी भागवत कथा का श्रवण ना कर सके तो मरने के बाद भी यदि किसी भी रूप में कथा का श्रवण करता है तो उसका उद्धार हो जाता है।

आर्ट आफ लिविंग ने किया वर्कशॉप का आयोजन

खरसिया,6 सितंबर। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा खरसिया के गर्ल्स कॉलेज में एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें श्री श्री रविशंकर जी द्वारा सिखाए गए ज्ञान को सभी से बांटा गया। जिसमें इस व्यस्त जीवन में हम तनाव रहित होकर शांत मन से अपने काम सुंदर ढंग से कैसे कर सकते हैं यह बताया गया। साथ ही उन्हें मेडिटेशन भी सिखाया गया। सभी स्टूडेंट्स के फीडबैक बहुत ही सराहनीय रहे उन्होंने उत्साहपूर्वक उक्त कार्यक्रम में भाग लिया। उपरोक्त कार्यक्रम में कॉलेज टीचर, स्टूडेंट्स सहित आर्ट ऑफ लिविंग के वैलेंटियर विभा अग्रवाल, कीर्ति राजपाल, जयेश साहू का उल्लेखनीय योगदान रहा।

लारा में डायरिया के सभी मरीजों की स्थिति सामान्य

रायगढ़, 6 सितम्बर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बदलते मौसम के कारण मौसमी बीमारियाँ जैसे सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी दस्त के प्रकरण बढ़ रहे है। रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखंड अंतर्गत ग्राम लारा में डायरिया के विगत कुछ दिनों में लगभग 30 केस पाये गये है, जिसमें खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद नायक द्वारा विकासखण्ड स्तरीय चिकित्सकीय दल का गठन कर शिविर लगाकर प्रातः कालीन एवं रात्रिकालीन ड्यूटी किया जा रहा है, सभी मरीजों की स्थिति वर्तमान में सामान्य है। मरीजों की इलाज एवं दवाईयाँ स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है, साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिन द्वारा कार्य किया जा रहा है। विगत कुछ दिनों में अन्य कारणों से मृत्यु हुई है, जिसका कारण वृद्धावस्था, लीवर संक्रमण एवं दुर्घटना है। उपरोक्त मृत्यु का कारण डायरिया नहीं है। डायरिया के प्रकरण में लगातार कमी आ रही है एवं स्थिति नियंत्रण में है।चिकित्सकीय दल द्वारा भ्रमण कर स्त्रोतो का चिन्हांकन पी.एच.ई. विभाग के समन्वय द्वारा जाँच

कराया गया है। गांव के पानी के स्त्रोतों में क्लोरिन डलवाया गया है। समस्त ग्रामवासियों को पानी उबालकर ठंडा कर पीने एवं उल्टी दस्त होने पर ओ.आर.एस. एवं जिंक की गोली का उपयोग हेतु सुझाव दिया गया है। इन संक्रामक रोगों के समुचित उपचार रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु हर स्तर पर सर्तकता बरतने एवं हर संभव नियंत्रण करने की आवश्यकता है। जिससे मौसमी बीमारियों से बचा जा सके।

समावेशी शिक्षा अंतर्गत स्पेशल एजुकेटर पद के लिए 18 सितम्बर तक मंगाए गए आवेदन

रायगढ़, 6 सितम्बर। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा, रायगढ़ छत्तीसगढ़ के द्वारा समावेशी शिक्षा अंतर्गत स्पेशल एजुकेटर के पद के लिए 18 सितम्बर 2024 तक आवेदन मंगाए गए है। विज्ञापित किये गये 02 पदों में से अनुसूचित जनजाति वर्ग मुक्त के लिये 01 पद एवं अनुसूचित जनजाति महिला के लिए 01 पद शामिल है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए रायगढ़ जिले के वेबसाइट www.raigarh.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है। आवेदन पत्र का प्रारूप भी आवेदक वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं।

अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

गुरुकृपा शून्य से शिखर तक ले जाता है : सिन्हा

■ नेशन्स प्राईड पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया शिक्षकों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 6 सितम्बर। युगों युगों से भारत में गुरु शिष्य परम्परा का समृद्ध इतिहास रहा है। गुरु को ब्रम्हा, विष्णु, महेश की संज्ञा दी जाती है। शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहा जाता है। भारत के पहले उपराष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्रपति और भारतरत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर प्रति वर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस दिन शिष्य अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय नेशन्स प्राईड पब्लिक स्कूल छुरा में बाल सदन, पालक समिति एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त व्याख्याता, स्वावलंबन के पर्याय आदर्श शिक्षक के.आर. सिन्हा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, मां सरस्वती एवं डॉ. राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन से हुआ।

बच्चों ने शिक्षकों का तिलक वंदन एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में बच्चों द्वारा विभिन्न खेल पेपर डांस, कुर्सी दौड़, मेढक दौड़ आदि का आयोजन किया गया। शिक्षाविद के.आर. सिन्हा ने कहा कि गुरुजनों के बताएं मार्ग पर चलने से ही हमारी जिंदगी को सही दिशा मिलती है। शिक्षक केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं वरन् जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं, शून्य से शिखर तक पहुंचाते हैं। शिक्षकों के मेहनत, समर्पण और शिक्षण की कला हमें सिखाती है कि कैसे अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाएं एवं समाज में विशिष्ट पहचान बनाएं। समारोह को शाला संचालक ललित साहू, प्राचार्य संतोष निषाद और अन्य शिक्षकों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शिक्षक अशोक कुमार साहू, कृष्णेश कुमार यादव, तरुण कुमार, माहेश्वर नायक, अर्चना साहू, मंजुलता साहू, शारदा सिन्हा, चितरंजनी निषाद, किरण निषाद, जया यादव प्रियंका साहू, देववती निषाद, हसी साहू, सावित्री ध्रुव का बच्चों एवं पालक समिति के सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया।

समाचार संक्षेप

विधायक रोहित साहू ने किया शिक्षक ऋषि साहू का सम्मान

छुरा, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय राजिम में किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला दादरगांव विकासखण्ड छुरा के शिक्षक ऋषि साहू का सम्मान उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में किया गया।शिक्षा विभाग जिला गरियाबन्द द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता आनन्द कुमार सारस्वत जिला शिक्षा अधिकारी ने की व जिला मिशन समन्वयक खेलसिंग नायक. सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर,ए.पी.पी.मनोज केला ब्रह्म. ब्रह्म समस्त स्टॉफ संकुल समन्वयक व संकुल के शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, दादरगांव पुराना के ग्रामीणजन, सरपंच अमना दीवान, उपसरपंच जब्बार अली, परिवार जनो व शिक्षक मित्रों ने बधाई दिया

शांति समिति की बैठक आयोजित

तिल्दा-नेवरा, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। गणेश उत्सव प्रारंभ होने से पहले थाना परिसर तिल्दा नेवरा में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमे नायब तहसीलदार विपिन पटेल, नायब तहसीलदार आलोक वर्मा एवं थाना प्रभारी अविनाश सिंह की मौजूदगी में आयोजित बैठक में गणेश उत्सव समिति के सदस्यों को मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन तक विशेष सावधानी बरतते हुए गणेश उत्सव का पर्व मनाया जाने की अपील की इस दौरान थाना प्रभारी अविनाश सिंह ने समिति के सदस्यों और डीजे संचालकों से कहा कि गणेश उत्सव के दौरान आम नागरिकों के हितों को लेकर विशेष ध्यान रखते हुए पर्व मनाना है उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर एवं डीजे सिस्टम को अधिक साउंड में नहीं बजाना है जिसे आम नागरिकों को परेशानी ना हो गणेश उत्सव भाई चारे से मनाए जाएं और कोई उधम करते हैं तो हमें सूचना दें जिससे उपद्रवी लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर सकेंगे। बैठक में तिल्दा नेवरा थाना अंतर्गत आने वाले समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष एवं शहर के गणमान्य नागरिक, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि व अन्य उपस्थित रहे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया खरोरा, तिल्दा-नेवरा सिलियारी चौकी और विधानसभा थाना का निरीक्षण



तिल्दा-नेवरा, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह द्वारा खरोरा, तिल्दा-नेवरा, सिलियारी चौकी और विधानसभा थाना का औचक निरीक्षण कर वहां पुलिस बल को ब्रीफकर चर्चा किया गया। खरोरा में विजिट के दौरान वहां गणेशोत्सव के पूर्व बैठक के लिए आए शांति समिति के सदस्यों से भी चर्चा की गई और सभी सुरक्षा सावधानियां बरतने को कहा। सभी जगह थानों में त्योहार पूर्व बदमाशों पर कार्यवाही तेज करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध नशे की रोकथाम व जागरूकता कार्यक्रम बढ़ाने पर जोर दिया।

एक नजर

सिवरेज प्लांट बना सिरदर्द, ठेकेदार की मनमानी से लोग परेशान, नपं निष्क्रिय

सिमगा, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पंचायत सिमगा जिला बलौदाबाजार के अंतर्गत छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर द्वारा शिवनाथ नदी के पास 1087, 35 लाख, रुपये की लागत से निर्माणाधीन सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट नागरिकों के लिए सिरदर्द साबित हो रहा है। प्लांट निर्माण के चलते नगर को पानी सप्लाई करने वाले फिल्टर प्लांट का बार बार पाईप फटने के कारण नगर में गंभीर पेयजल समस्या उत्पन्न हो रही है व आम सड़कों को बेतरतीब तरीके से खोदे गए गड्ढों के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे कि आवागमन बाधित हो रहा है। जिसकी कार्यवियि 4/2/22, को 15, माह वर्षाऋतु सहित बताया गया है किन्तु दो वर्ष बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है प्रशासन द्वारा बार बार कार्यावधि बढ़ाया जाकर ठेकेदार को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। समस्या के समाधान के लिए नागरिकों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिमगा एवं सी एम ओ नगर पंचायत को कई बार आवेदन प्रस्तुत कर समस्या के निराकरण की मांग की जा चुकी है किन्तु सी, एम, ओ, और उच्चस्तरीय नौकरशाहों की निष्क्रियता व कमीशनखोरी के चलते प्रशासन प्रभावशाली ठेकेदार की मनमानी जारी है। उक्त समस्या को जिला कलेक्टर के संज्ञान में लाया जा चुका है किन्तु जनता की आवाज सुननने वाला कोई नहीं है। तथाकथित जनप्रतिनिधि और संबंधित नौकरशाह अपनी जेब गरम करने में लगे हुए हैं। जिससे कि ठेकेदार एवं उनके गुर्गों का हौसला बुलंद है।

देवरीडीह तिराहा के पास युवक से लूट, जांच में जुटी पुलिस

सिमगा, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 5 सितम्बर को सायं सूचना मिली कि लिमतरा-भाटापारा रोड में ग्राम देवरीडीह तिराहा के पास एक व्यक्ति के साथ लूट की घटना हो गई है, कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों, आसपास के थानों से थाना प्रभारी सहित पुलिस बल साइबर सेल की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंचा, जिसमें आवेदक नुतेश पिता खेमलाल सोनी उम्र 39 साल परशुराम वार्ड न्यू आदर्श कॉलोनी भाटापारा के साथ लूट की घटना हुई थी। आवेदक नांदघाट जिला बेमेतरा में आयुष ज्वेलर्स का संचालक है तथा शाम को दुकान बंद करके वह वापस भाटापारा आ रहा था। उसके बताए अनुसार वह अपनी स्कूटी छत्त22 स्ष्940 से वापस भाटापारा आ रहा था, तभी सायं 07.15 बजे लगभग दो मोटरसाइकिल में हेलमेट पहने 04 लोगों ने प्रार्थी को जबरदस्ती चिल्लाकर रोका, जिससे प्रार्थी हड़बड़ा कर स्कूटी सहित वहां पर गिर गया, गिरने से उसके दाहिने गाल में चोट लगी है, फिर उन्ही में से दो व्यक्ति पास आए और अपने हाथ में गन जैसा हथियार रखे थे उससे फायर भी किये। फिर चारों व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी के पास रखे भूरे रंग के एक थैला में रखे 20 ग्राम सोने का पुछली, 04 किलोग्राम चांदी एवं आभूषण नगदी रकम 60, 000 सहित कुल 3, 25, 000 का मसुरका का लूट कर फार हो गए। की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध क्र. 340/2024 धारा 309(4) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। अज्ञात आरोपियों के संबंध में पता तलाश जारी है।

35 पौवा देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

तिल्दा-नेवरा, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से 35 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब जब्त किया गया है। आरोपी का नाम विवेक वर्मा पिता प्रकाशचंद वर्मा (25) निवासी वार्ड-10 अल्दा थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर है। आरोपी से जब्त देशी मदिरा मसाला शराब की कीमत 3850 रुपए बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार 4 सितम्बर को मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम अल्दा भाठा खाली जगह में आरोपी विवेक वर्मा से 35 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब कीमती 3850/रू को अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखा पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा पंजीबद्ध कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया।

अंवरी में फैला डायरिया, कैंप लगाकर इलाज कर रहे डॉक्टर

बजबजाती नालियों व बंद पड़े हैंडपंप की पानी पीने एवं पानी टंकी की साफ-सफाई न होना बना कारण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 6 सितम्बर। ग्राम अंवरी में उल्टी दस्त फैलने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गया है। एक ही परिवार के तीन सहित दर्जनभर से ज्यादा लोग डायरिया के शिकार हो गए है जिनकी सिविल अस्पताल व गांव में उपचार किया जा हैं। अस्पताल सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक खण्ड चिकित्सा केंद्र कुरुद अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जी- जामगांव के अधीनस्थ ग्राम अंवरी में एक दो दिन पहले गौशाला पारा के एक वार्ड में एक ही घर के तीन सदस्यों को अचानक उल्टी दस्त होने की शिकायत मिली।मरीजों ने स्थानीय स्तर पर इलाज कराया, स्वास्थ्य में सुधार नही हुआ। इधर आस पड़ोस के एक्के दुक्के लोगों को भी दस्त होने लगा। धीरे-धीरे गांव के अन्य मोहल्ले में भी इसकी शिकायत मिलने लगी। 21 लोग डायरिया से पीड़ित हो गए। जिससे गांव में दहशत फैल गई है। डायरिया से पीड़ित 12 लोगों को मंगलवार की रात सिविल अस्पताल कुरुद में भर्ती कराया गया। अन्य लोगों का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कुरुद से पहुंचे डॉक्टरों ने गांव में ही कैंप लगाकर इलाज कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची अंवरी: सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने - कहा कि ग्राम अंवरी में डायरिया के दर्जनों मरीज मिले हैं।जिसमें 12 लोगों को सिविल अस्पताल कुरूद में भर्ती कराया गया है। वहीं गांव में 21 मरीजों का और चिह्नांकन हुआ है। बांकी लोगों का घर में ही इलाज जारी हैं सभी का स्थिति अभी सामन्य है लेकिन गुरुवार को कैंप लगाया गया था जिसमें सुबह से 2 बजे तक के एक ही मरीज चिन्हांकित हुए हैं। जिसे दवाई देकर घर पर ही इलाज किया गया। आगे बताया कि 2 एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है एक रात्रि के लिए और एक दिन के लिए साथ ही सभी ग्रामीणों के घर सर्वे करके दवाई दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग के संपर्क में रहने की अपील : स्वास्थ्य विभाग गुरुवार को ग्राम अंवरी में जाकर प्रभावित मरीजों का सर्वेक्षण कर क्लोरीन की गोली, ओआरएस पैकेट, जिंक टेबलेट, मेट्रोजिल टेबलेट का वितरण किया। लोगों को पानी उबाल कर पीने, गर्म भोजन खाने, बासी भोजन न करने, उल्टी-दस्त की शिकायत आने पर तत्काल स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिन से संपर्क करने सलाह दी।

डायरिया फैलने का वजह बना दूषित पानी: डायरिया फैलने का कारण ग्रामवासियों ने पाइप लाइन से आ रहे दूषित पानी को बताया है। वही डॉक्टर का कहना है कि पानी को जांच के लिए भेज दिया गया है अभी सैंपल नहीं आया है सैंपल आने के बाद पता चलेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए कैंप में प्रमुख रूप से सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक, बीएमओ डॉ. यूएस नवरत्न, सीएचसी कुरुद से बीपीएम रोहित पाण्डेय, बीई ठाकुर सर, रतनी बाई, मोतिम यादव, भानुमति मितानिन, आरएचओ जानेश्वरी बंजारे, भुनेश्वरी, चित्ररेखा कुर्रे, बीएल साहू सुपरवाइजर, दसरथ ध्रुव, झरना सरकार, डॉ. दिग्विजय सिंह, डॉ सुरेंद्र साहू, डॉक्टर प्रिया कंवर, भरत साहू, बीएल साहू, नरेंद्र साहू, लोकेश सोनवानी, विवेक, प्रकाश साहू, तरुण साहू, देवांगन, राजे सर, भुनेश्वर साहू, प्रेम सागर उपस्थित रहें।

4 सालों से बंद पड़ी नल जल योजना शुरू होने से हो रही है डायरिया का बीमारी : कुछ ग्रामीणों का कहना है कि 4 सालों से नल जल योजना बंद पड़ा था जो कि हफ्ते भर पहले शुरू किया गया जिसके चलते डायरिया बीमारी शुरू हुआ है क्योंकि टंकी का सफाई 4 सालों से नहीं किया गया है।

सालों से बनी नाली की नहीं की गई है सफाई : ग्राम अंवरी में लगभग साल भर पहले गांव के गलीयो के बीचो-बीच नाली निर्माण किया गया है जिसका सफाई अभी तक नहीं किया है जो की बड़े महामारी को आमंत्रण दे रही है जो की पंचायत इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही हैं

पेयजल की होगी समस्या: बीमारी के चलते हफ्ते भर पहले चल रहे नल जल योजना को बंद करने के लिए मुनादी कराया है तो वहीं दूसरी तरफमोहल्ले का हैंड पंप भी खराब हो गया है जिसका कोई सुध नहीं ले रहै है महिलाओं ने बताया कि पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रार्थीया द्वारा थाना सिटी कोतवाली में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी संजय कुमार को वह 2016 से पहचानती है तथा आरोपी का उसके घर आना जाना लगा रहता था, इसी का फायदा उठाकर आरोपी द्वारा वर्ष 2017 से प्रार्थिया से लगातार दुष्कर्म करते आ रहा है। कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 587/2024 धारा 376 भादवि एवं 04, 06 पाक्सो पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी संजय को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा प्रार्थिया से पूर्व में जान पहचान होने एवं इसी का फायदा उठाकर वर्ष 2017 से उसके साथ लगातार दुष्कर्म करना स्वीकार किया। कि प्रकरण में आरोपी संजय उम्र 27 वर्ष निवासी भैंसापसरा स्वीपर कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली को 5 सितम्बर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले अपचारी बालक सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 6 सितम्बर। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पदमनी गायकवाड निवासी चकरवाय थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि 19 अगस्त को दोपहर करीबन 2.30 बजे अपने घर में ताला लगाकर रखी मनाने के लिये अपने मायके ग्राम परसदा तिल्दा गयी थी 21 अगस्त की सुबह 06.30 बजे प्रार्थिया का ससुर हजारीलाल गायकवाड़ ने फोन कर मुझे बताया कि खाद्य निकालने के लिये आंगन का दरवाजा खोला तो देखा कि घर के कमरे का ताला टुटा हुआ है घर का समान बिखरा पड़ा है आलमारी का ताला टुटा हुआ है तब प्रार्थिया तुरंत ग्राम परसदा से अपने घर ग्राम चक्रवाय वापस आई तो देखी घर के 03 कमरो का ताला टुटा हुआ था कमरो का समान बिखरा हुआ था बेडरूम में रखे आलमारी भी टुटा हुआ खुला था घर के समान को देखी तो आलमारी में रखे 07 नग सोना का पत्ती, एक नग चांदी का करधन, दो नग चांदी का पायल एवं दिवान के अंदर रखे दो नग फुल्ल कांस का थाली एवं 02 नग कांस का लोटा, 02 नग स्टील का थाली एवं आलमारी में रखे नगदी रकम 45000 रूपया कुल जुमला कीमती 60, 000 रूपया नही था जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर का ताला तोड़कर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना सिमगा में अपराध क्रमांक 316/24 धारा 331(4), 305() कायम कर विवेचना में लिया गया थाना प्रभारी द्वारा तत्काल चोरी को पकडने हेतु टीम बनाया गया टीम के द्वारा चोरी हुई जगहो के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया है एवं मुखबीर लगाकर पतासाजी किया गया पतासाजी दौरान मोहम्मद इरफान, अविनाश मानिकपुरी निवासी सिमगा को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया एवं अपचारी बालक को भी चोरी में सम्मिलित होना बताने पर अपचारी बालक को भी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने जुर्म करना स्वीकार किया गया आरोपियों के कब्जे से 10, 000 रू एवं 02 कांसा का लोटा एवं एक थाली बरामद किया गया। आरोपीगणों एवं अपचारी बालक को 1 सितम्बर को न्यायालय पेश किया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202408092100016
अ/2 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अलका यादव पति लाला यादव, उम्र 35 वर्ष जाति यादव, निवासी वार्ड नंबर 5 मोतीपुर, शीतला पारा, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदिका के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम मुसराकला, प.ह.नं. 13. रा.नि.मं. मुसराकला. तहसील डोंगरगढ़ में खसरा नंबर 277/6 रकबा 0.50 एकड़, 0.202 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त भूमि खसरा नंबर 277/6 रकबा 0.50 एकड़, 0.202 हेक्टेयर को फलाई एस ब्रीक्स प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 09/09/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व)
डोंगरगढ़

मुहर

शिक्षक समाज का दर्पण, जीवन जीने की कला सिखाते है : विधायक

अपने अनुभव, ज्ञान व संस्कार से बच्चों का भविष्य गढ़ते हैं शिक्षक : साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 6 सितम्बर। विधायक इन्द्र साव ने शिक्षक दिवस के अवसर पर स्थानीय गायत्री मंदिर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कर साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर शिक्षकों को सम्मानित किया।इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि शिक्षक वह दीपक है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। अपने अनुभव से, ज्ञान से और विचार को छात्रों में पिरोकर उनका जीवन आगे की ओर अग्रसर करता है। गुरु कोई सामान्य प्राणी नही है वो हमेशा अपने शिष्य को आगे बढ़ते हुए देखना चाहता है।हमें उनके द्वारा बताये गये ज्ञान और संस्कार को संजोकर अपने जीवन में चरितार्थ करना चाहिए, जो देश जितना शिक्षित होता है, वह देश उतना ही शक्तिशाली और विकसित होता है जिसका पूरा श्रेय हमारे गुरूजनो को जाता है।

इसके पूर्व सर्वपल्ली राधा कृष्णन और सरस्वती माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम को राज कुमार शर्मा शिवलाल यादव, बाबूलाल साव, वीणा साहू, ललित सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भंवरसिंह साहू, ने किया एवं पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा द्वारा अभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ईश्वर सिंह ठाकुर, नानू सोनी, वैभव केशरवानी, सत्यजीत शेण्डे, जीत नारायण साव सहित शिक्षक गण एवं पेंशनर संघ के पदाधिकारी सदस्य गण उपस्थित रहें।

अर्चना दोधी ने नीट की परीक्षा पास कर किया आधारशिला स्कूल का नाम रोशन

भाटापारा, 6 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भाटापारा (बीजाभाठ) स स्थित आधारशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विज्ञान संकाय के छात्र अर्चना दोधी अर्चना ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश परीक्षा नीट 2024 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर अपनी असाधारण बौद्धिक क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया है।। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य एम. संतोष कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि शुरू से ही लगनशील और प्रतिभाशाली छात्र अर्चना दोधी ने 82.23अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। नीट 2024 में हमारे छात्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी अकादमिक उत्कृष्टता और हमारी समर्पित संकाय के अथक प्रयासों का परिणाम है। हमें इस पर बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि ये परिणाम एक समग्र शिक्षा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा और उसके बाद की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करती है। हम सभी, छात्र अर्चना दोधी की असाधारण सफलता के लिए बधाई देते हैं और उनके भविष्य की प्रयासों के लिए शुभकामना देते हैं। छात्र के उल्लेखनीय सफलता पर पिता नानक राम दोधी ने कहा कि यह अभिभावकों के लिए गर्व का विषय है। छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में सहायक होता है। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ अध्यापकों एवं पूरे विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयां दी हैं।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
जल संसाधन संभाग,
दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

नि.आ.सू. क्रमांक 01/व.ले.नि./2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 04.09.2024

//मैन्यूअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम)//

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' श्रेणी एवं ऊपर के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्यूअल पद्धति से कार्यालयीन समय में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 20.09.2024 समय संध्या 05:00 तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - 25.09.2024 समय दोपहर 03:30 तक
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 26.09.2024

सं.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2	3
1.	दन्तेवाड़ा जिले के विकासखण्ड दन्तेवाड़ा में चेकडेम निर्माण कार्य ग्राम झिरका पंडेवार।	49.97 लाख

रिमार्क:-
1. निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 1,500/- मात्र। (जो वापसी योग्य नहीं)
2. अमानत राशि रू. 50,000/-
3. कार्य पूर्ण करने की अवधि - 06 माह (वर्षाकाल सहित)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र एवं निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण संबंधी जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग दन्तेवाड़ा

जी- 242502263/4

एक नजर

शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर, 6 सितम्बर । आमासिवनी शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ओंकार साहू 32 वर्ष ग्राम तुलसी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केवी 5483 को आमासिवनी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने प्रार्थी की बाइक को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 6 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर, 6 सितम्बर । गुलशन वाटिका सेजबहार स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 1 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनय कुमार कोसले 38 वर्ष गुलशन वाटिका फेस 2 सेजबहार का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 1 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक से मोबाइल की लूट

रायपुर, 6 सितम्बर । सदाणी दरबार के पास स्कूटी सवार अज्ञात दो बदमाशों ने एक युवक के मोबाइल छीनकर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोहर बरेठ 18 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोरियाकला का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने हाथ में मोबाइल लेकर पैदल जा रहा था, तभी स्कूटी सवार अज्ञात दो युवकों ने पीछे से आकर प्रार्थी के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 8 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 9 गिरफ्तार

रायपुर, 6 सितम्बर । राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मुजगहन पुलिस ने ग्राम सोनपैरी में सरेआम शराब पीते आरोपी विनोद कुमार बंजारे 47 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी संजय साहू 23 वर्ष और पिंटू गुप्ता 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी सोमनाथ यादव 35 वर्ष व गुड्डू प्राद 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आरंग पुलिस ने आरोपी भागचंद गायकवाडं 51 वर्ष, कौशल साहू 47 वर्ष, बद्रीप्रसाद साहू 30 वर्ष व गोपीराम निषाद 60 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर, 6 सितम्बर । खरोरा और अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 28 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 780 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम केसला में दबिश देकर आरोपी अक्षय बंजारे 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 13 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने अभनपुरा के यादव ढाबा के पास दबिश देकर आरोपी शंकर खुटे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 15 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 380 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सूरत के लिए हवाई सेवा की मांग

रायपुर 6 सितंबर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी ,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर द्वारा आज दिनांक 5 सितंबर 2024 को माननीय श्री राम मोहन नायडू जी, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, नई दिल्ली को पत्र प्रेषित कर रायपुर से सूरत हवाई सेवा सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु निवेदन किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने पत्र के माध्यम से बताया कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा कपड़ा एवं सराफा बाजार है। रायपुर मार्केट में भारत द्वारा निर्मित सभी प्रकार के कपड़ा एवं सराफा का आयात एवं निर्यात होता है। सबसे ज्यादा सूरत मंडी से व्यापार होता है। रायपुर के कपड़ा एवं सराफा व्यापारियों द्वारा इस हवाई सेवा हेतु लम्बे समय से मांग की जा रही है। रायपुर एवं सूरत के बीच हवाई सुविधा चालू होने से दोनों राज्यों के मध्य आर्थिक गतिविधियां बढ़ेगी, व्यापक स्तर में व्यापार होगा एवं नए रोजगारों का सृजन होगा जिससे अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला स्तर पर करेगी शीघ्र बड़ा फेरबदल

15 से अधिक जिला अध्यक्षों को हटाए जाने की चर्चा

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 6 सितम्बर। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के पश्चात अब संगठन के कई पदाधिकारियों पर ठीकरा फूटने वाला है। बताया जाता है कि 15 से अधिक जिला अध्यक्षों एवं महामंत्रियों को बदला जाएगा। रायपुर के शहर जिला अध्यक्ष के लिए भी कई युवा नेताओं के नाम चर्चा में है।

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस में संगठनात्मक स्तर पर काफी परिवर्तन किया गया है। पूर्व विधायक विकास उपाध्यक्ष को हटाकर वर्तमान विधायक देवेन्द्र यादव को संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय स्तर पर फेरबदल के पश्चात अब प्रदेश स्तर पर भी फेरबदल किए जाने की चर्चा है। छत्तीसगढ़ के 15 जिलों के अध्यक्षों के विरुद्ध अनेक शिकायतें मिली है। यहां पर

रायपुर, बिलासपुर, बस्तर के कई जिलों के अध्यक्षों को बदल जाने की चर्चा है। अब नए सिरे से अध्यक्ष मनोनीत किए जाएंगे। रायपुर शहर में अध्यक्ष पद के लिए पार्षद श्रीकुमार मेनन, विनोद तिवारी, कन्हैया अग्रवाल का नाम चर्चा में है। श्रीकुमार मेनन का कहना है कि यदि उन्हें जिम्मेदारी मिलेगी तो वे इसका बखूबी पालन करेंगे। कन्हैया अग्रवाल चेम्बर की राजनीति करते हैं। इसके अलावा वे रायपुर दक्षिण से चुनाव लड़ चुके हैं। वर्तमान में उन्हें सदर बाजार वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज संगठन को सक्रिय बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट नियमित रूप से संगठन के कार्यप्रणाली की जानकारी लेते रहते हैं। कांग्रेस ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों एवं कार्यक्रमों का विरोध करने का निश्चत किया है। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, शराब के ओवर रेट एवं खनिज माफिया के सक्रिय होने का मामला उठाया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने छात्र संगठन एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस तथा महिला विंग को भी सक्रिय होने कहा है। छत्तीसगढ़ में नई महिला अध्यक्ष की तलाश की जा रही है।

वर्षा कार्तिकेय तीज क्वीन विजेता

रायपुर 6 सितंबर। टिकरापारा स्थित सरजू गार्डन में बेटी बचाओ मंच टिकरापारा तथा संतोषी नगर ने हर्षोल्लास के साथ तीज महोत्सव व सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया । प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में भगवान कृष्ण की तस्वीर की पूजा अर्चना व छप्पन भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सोलह श्रृंगार करके उपस्थित महिलाओं का कुमकुम लगाकर सुहाग सामग्री भेंट कर शहर महासचिव अंजलि यदु ने स्वागत किया । उक्त अवसर पर तीज क्वीन विजेता वर्षा कार्तिकेय, उपविजेता सुप्रिया धुवारे, सोलह श्रृंगार प्रथम पूजा सिन्हा तथा द्वितीय संगीता गुप्ता सम्मानित हुए। मेहदी प्रतियोगिता में प्रथम आशा धीवर । कृष्ण के बाल रूप को दौड़कर छुने (कान्हा दौड़)मे प्रथम के कल्पना राव घोषित हुए । श्रेष्ठ अवार्ड अंजली यदु को दिया गया। आयोजन में विशेष सक्रियता के लिए किरण कर्स, चांदनी धीवर, ज्योति चंदेल, श्यामा यदु, राजकुमारी सोनी , दक्षोदा सिन्हा, प्रतिमा यदु, सरिता यदु, दीपा साहू, ज्योति साहू को सम्मानित किया गया। प्रतियोगियों को प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने धर्म गमछा, आकर्षक पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र भेट किया। कृष्ण के बाल रूप व राधा के रूप में उपस्थित प्रतीक गुप्ता , जतिन सिन्हा व प्रतिमा गुप्ता को विशेष पुरस्कार दिया गया । अंत में राधा कृष्ण के साथ रासलीला का आयोजन व छप्पन भोग लगे प्रसाद का वितरण किया गया ।

बच्चों को मिट्टी के बैल व खिलौनों का किया वितरण

रायपुर 6 सितंबर। टीम ज़िन्दगी ना मिलेगी दोबारा ने बच्चों के लिए नेह मुस्कान योजना की तहत हर साल की तरह इस बार भी छत्तीसगढ़ के पारम्परिक पोला त्योंहार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया।इस अवसर पर संस्था की संस्थापक अध्यक्ष सुषमा तिवारी सहित उनकी टीम के सदस्यों ने सुंदर नगर वार्ड के अमरपुरी बस्ती में जाकर छोटे छोटे बच्चों को मिटटी के बैल, खिलौने, चुकिया पोरा बांटकर तथा परम्परागत पकवान खिला कर यह त्यौहार अत्यंत रोचक ढंग से मनाया व खुशी का इजहार किया । खिलौने पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुवे बच्चों को खेल खेल में इस पर्व का महत्व भी बताया। ज्ञात हो की यह संस्था नेह मुस्कान योजना के तहत साल भर शहर के किसी न किसी स्लम एरिया के बस्ती में जाकर छोटे छोटे बच्चों को खिलौने बांटने का काम अपने स्वयं की व्यवस्था से करती है।

इ स कार्यक्रम में संस्था के सेवाभावी प्रदेश महासचिव श्री मती ममता शर्मा व सीमा अग्रवाल, , सीमा विजय शर्मा स्वाति सोनी , विनीता शर्मा कौशिल्या कश्यप हेमलता तिवारी रश्मी प्रदीप शर्मा सीमा शर्मा बल्कि.सोनालिका इंदू साहू प्रतिभा गुप्ता.आदि उपस्थित रहे।

भाजपा सदस्यता अभियान, रायपुर शहर जिला को बड़ा लक्ष्य

रायपुर 6 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व जिला स्तरीय सदस्यता अभियान का विधिवत शुरुवात हुआ एवं अब यह आगे राजी रहते हुए सूक्ष्मता प्राप्त करते हुए बूथ स्तरीय इकाई तक पहुंचेगा रायपुर शहर जिला का सदस्यता अभियान शहीद स्मारक भवन में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय पूर्व सांसद सुनील सोनी प्रदेश महामंत्री संजय तीनों विधानसभाओं के विधायक राजेश मूणत , मोतीलाल साहू और पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ जहां रायपुर के वरिष्ठ नेताओं सहित सभी 16 मण्डल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्षों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई एवं उन्हें प्रतीकात्मक सदस्यता कार्ड भी सरोज पांडेय जी के द्वारा दिया गया दिया गया । सभी 16 मंडलों से भाजपा कार्यकर्ता की बड़ी संख्या

उपस्थित थी सदस्यता अभियान के साथ ही लोकसभा चुनावों में भाजपा रायपुर जिला के द्वारा प्रत्येक मंडल के प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ 3 बूथों को पुरस्कृत और सम्मानित भी किया गया ।

सदस्यता अभियान के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर पहुंची भाजपा नेत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे - इस सिद्धांत को लेकर भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई थी। जनसंघ के इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी की शुरुआत हुई। आज, उसी समर्पण और सिद्धांत के साथ भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, जो राष्ट्रहित के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने किए वादों को पूरा करने के पश्चात अर्जित किए गए विश्वास से बना है कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से बना है राजधानी रायपुर के कार्यकर्ता लगातार पार्टी कार्यक्रमों की सफलता हेतु परिश्रम करते हैं और मेरा विश्वास है की रायपुर को मिले 2 लाख से अधिक सदस्यता के लक्ष्य को सफलता पूर्वक अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे ।

उन्होंने 1980 में भाजपा के गठन को लेकर अब तक की राजनीतिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ने अटल जी और अब श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाई उन्होंने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के संदर्भ में निर्देशित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता गली-गली घर-घर पहुंचकर भाजपा का सदस्य बनाकर पार्टी को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बनाना है।

स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ना सबसे बड़ा सेवाधर्मः अनुज

रायपुर 6 सितंबर। ग्राम मोंहदी के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मे सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था व एमजीएम आई नेत्रालय के संयुक्त तत्वाधान मे एक दिवसीय विशाल नेत्र परीक्षण एवं जाँच उपचार शिविर आयोजित किया गया जिसमे धरसींवा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत लगभग 17 गाँव से भी अधिक ग्रामीण के लोगों ने अपने आँख का परीक्षण व जाँच छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एम.जी.एम नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टरों के द्वारा किया गया उक्त शिविर मे सभी वर्गों के लोगों ने सेवा का लाभ उठाया उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा,अध्यक्षता दुष्यंत वर्मा ,विशेष अतिथि सालिक राम शर्मा ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । शिविर स्थल में कार्यक्रम के आयोजक टिकेंद्र उपाध्याय, श्रीराम साहू सरपंच ,सविता चंद्राकर जिला अध्यक्ष , हेमंत वर्मा, सरपंच , परमानंद बंजारे रूखमणि शिवारे, गणोत्री लासेल , अविनाश मोहदी वाले , ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ

देकर स्वागत किया अपने क्षेत्र मे आयोजित उक्त स्वास्थ्य शिविर के आयोजन कर्ता सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति व एम.जी.एम नेत्र चिकित्सालय कि मानव सेवा परमोधर्मः का उल्लेख करते हुये सराहना किया उन्होंने उपस्थित आम जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुये कहा कि पहले के समय मे मोतियाबिंद का इलाज जटिल था परंतु आज के तकनीकी युग मे विज्ञान ने कई गुणा तरक्की कर लिया है जिसके कारण मोतियाबिंद का इलाज सहज व सरल हो चुका है जिसका समय रहते इलाज किया जाना आवश्यक होता है उक्त शिविर का आयोजन मेरे क्षेत्र के लिये गरिमामय है विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि ऐसे परमार्थ आयोजन के लिये सहयोग हेतु मे सदैव तत्पर हूँ।आयोजन के लिए सेवा सुगन्धम के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय एवम पूरे टीम को बधाई दिया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर एस चंद्रवंशी प्राचार्य, नरसिंह वर्मा ,सुरेश दिवान , आशीष उपाध्याय, गणेश वर्मा, डा प्रहार श्रीवास्तव, शिशिर शुक्ला , कौशल साहू , खूबचंद वर्मा , जायसवाल सर, किरन साहू ,लीलाधर वर्मा, उपस्थित थे ।

सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में कृत्रिम हाथ वितरण शिविर शीघ्र

रायपुर 6 सितंबर। आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर धर्म आराधना के साथ ही मानव सेवा के कार्य किये जा रहे हैं । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि जैन धर्म में मानव सेवा जीव दया करुणा का विशेष महत्व है । पर्युषण पर्व के अवसर पर पैर कटे दिव्यांगों को श्री विनय मित्र मण्डल व सेवा ग्रुप के सहयोग से जयपुर पैर प्रदान किए जावेंगे । इस हेतु पैर कटे भाई बहनों का परीक्षण हो गया है , वर्कशॉप में उनके नाप के कृत्रिम पैर बनाए जा रहे हैं । पैर कटने से जिंदगी थम सी जाती है पुनः पैर लगाकर उन्हें चलाया दौड़ाया जाएगा । ट्रस्टी नीलेश गोलछा व टीकम जैन ने बताया कि बुजुर्गों को श्रवण यन्त्र दिए जा रहे हैं जिन बुजुर्गों को कम सुनाई देता है वे प्रातः श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर भैरव सोसायटी में सम्पर्क कर सकते हैं । महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि ट्रस्ट द्वारा शीघ्र ही हाथ कटे दिव्यांगों को

कृत्रिम हाथ देने निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जावेगा । ट्रस्टी जय सांखला व ड्रा योगेश बंगानी ने बताया कि प्रभु भक्ति की श्रृंखला में कल रात्रि शीतल चौरड़िया व ऋचा बरलोटा की युगलबंदी ने मनमोहक प्रस्तुति दी । आज रात्रि 8 . 15 बजे से मंदिर प्रांगण में निखिल सेठिया व निर्मल पारख दादागुरुदेव इकिसा व प्रभु भक्ति प्रस्तुत की जावेगी जिसके लाभार्थी पदमचंद पंकज नीलेश गोलछा परिवार हैं । प्रतिदिन दादागुरुदेव इकिसा जाप व प्रभु भक्ति कार्यक्रम का संयोजन खरतरगच्छ महिला परिषद राष्ट्रीय संगठन मंत्री मंजू कोठारी द्वारा किया जा रहा है।

जीएसटी सरलीकरण के लिए दिए सुझाव

रायपुर 6 सितंबर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर ने केन्द्रीय वित्तमंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण जी माननीय मो. अबु शर्मा जी, आयुक्त सेन्ट्रल जीएसटी, एवं माननीय श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा जी (आईएएस) राज्य जीएसटी आयुक्त, को 54वें जीएसटी कौंसिल की मिटिंग में जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्तकरण हेतु कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) सी.जी. चैप्टर का सुझाव दिया।

सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में मेघेश का सम्मान

रायपुर 6 सितंबर। सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में दंडी सन्यासी श्रीमज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के प्रथम चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के अवसर पर विप्र कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य,नेप कोर कमेटी के सदस्य डॉ.मेघेश तिवारी का शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य मनोनीत होने पर सम्मानित किया गया। सपाद लक्षेश्वर धाम

सलधा में दंडी सन्यासी श्रीमज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के प्रथम चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के अवसर पर आयोजित अभिनंदन समारोह में शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान से अभिभूत डॉ.मेघेश तिवारी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि सम्मान के रूप में दंडी स्वामी श्रीमज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज जी के आशीर्वाद से शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए नवीन उत्साह और ऊर्जा प्राप्त हुआ।

छत्तीसगढ़ के वैज्ञानिकों ने बनाया कोविड-19 की गंभीरता का अनुमान लगाने वाला उपकरण

रायपुर 6 सितंबर। छत्तीसगढ़ के वैज्ञानिकों ने चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल, रायपुर की मल्टी-डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट (एमआरयू) के वैज्ञानिकों ने देश का पहला बायोमार्कर किट विकसित किया है, जो कोविड-19 संक्रमण की गंभीरता का प्रारंभिक चरण में ही सटीक अनुमान लगाने में सक्षम है। इस किट की मदद से डॉक्टर यह तय कर सकेंगे कि मरीज को अस्पताल में भर्ती करना आवश्यक है या वह केवल दवाइयों के माध्यम से घर पर ही ठीक हो सकता है। साथ ही, यह किट यह भी बता सकती है कि मरीज को किस प्रकार की दवाइयों की जरूरत होगी, जिससे इलाज को और अधिक

प्रभावी और सुरक्षित बनाया जा सकेगा।

यह रिसर्च कोविड-19 की पहली लहर के दौरान शुरू किया गया था और इसके परिणाम हाल ही में साइंटिफिक रिपोर्ट्स पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। इस किट को भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट के लिए भी आवेदन किया गया है। मुख्य वैज्ञानिक डॉ जगन्नाथ पाल और उनकी टीम ने इस किट को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ पाल ने बताया कि कोविड महामारी के दौरान यह समझना बेहद कठिन था कि किन मरीजों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है और किन्हें घर पर ही इलाज दिया जा सकता है। इसी चुनौती को देखते हुए यह बायोमार्कर किट विकसित की गई, जो क्यू पीसीआर (क्वांटिटिव पीसीआर) आधारित परीक्षण पर आधारित है और 91त्न संवेदनशीलता और 94त्न विशेषता के साथ सटीक परिणाम प्रदान करती है। इस शोध में एमआरयू की वैज्ञानिक डॉ योगिता राजपूत ने भी अहम योगदान दिया।

डॉक्यूमेंट्री संकल्प का प्रीमियर हुआ

रायपुर 6 सितंबर। प्रदेश के वरिष्ठ बेला वादक - डॉ.एम श्रीराम मूर्ति के सांगीतिक जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री संकल्प का आज गुरुकुल सभागार, में प्रीमियर संपन्न हुआ। इस प्रसंग पर संगीत कला से जुड़े अनेक रसिक उपस्थित थे। भातखंडे ललित कला शिक्षा समिति और नेशनल एसोसिएशन फॉर दी ब्लाइंड के सहयोग से आयोजित प्रीमियर के दौरान पद्मश्री

अनुज शर्मा मुख्य अतिथि थे। मौके पर उन्होंने कहा कि डॉक्यूमेंट्री बनाना एक श्रम साध्य काम है। मूर्ति सर पर आई हुई यह फिल्म सभी को पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि वे इसी महाविद्यालय के छात्र रहे हैं और मूर्ति सर से ही संगीत सीखा है। कार्यक्रम में अध्यक्षीय संबोधन-अजय तिवारी ने दिया। अनिल कुचेरिया, अध्यक्ष (एन बी ए) प्रेरणा गुरुकुलम ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। छत्तीसगढ़ के किसी संगीत साधक पर बनने वाली इस पहली डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने वाली- शोभारानी टी जो एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर है। उन्होंने संकल्प फिल्म को लेकर बताया कि करीब 3 सालों में यह फिल्म तैयार हुई।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26